मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-7, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 213 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल

17 जनवरी 2024 बुधवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम

23 अधिकतम

11 न्यूनतम




उछाल भरे दिन बीते रे भैया...!

# शेयर बाजार में सुनामी, सेंसेक्स-निफ्टी का गुमान चकनाचूर

## एक हजार अंक फिसला सेंसेक्स, निफ्टी में बड़ी गिरावट

**मुंबई, एजेंसी।**

शेयर बाजार के गुलजार दिनों के बीच आज की शुरूआत बेहद बड़े झटके वाली रही और निवेशकों के करोड़ों रूपये भी डूबे। बाजार में आज ऐसी सुनामी आई कि मार्केट के दोनों इंडेक्स सेंसेक्स व निफ्टी बाजार खुलने के साथ ही क्रैश हो गए। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 755 अंकों की गिरावट के साथ खुला और कुछ ही मिनटों में 1000 अंक से ज्यादा फिसल गया, तो निफ्टी का भी बुरा हाल है और ये 200 अंकों से ज्यादा की गिरावट के साथ ओपन हुआ। माना जा रहा है कि कमजोर वैश्विक बाजारों के कारण आज भारतीय शेयर बाजार लाल निशान पर खुला। सेंसेक्स ने 755.28 अंक या 1.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,373.49 पर कारोबार शुरू किया और कुछ ही मिनटों में 72,200 के स्तर पर पहुंच गया। सुबह 11 बजे तक ये 1067 अंक फिसलकर 72,060 के स्तर पर आ गया। जबकि निफ्टी 0.92 प्रतिशत टूटकर ओपन हुआ। खबर लिखे जाने तक ये 211 अंक फिसलकर 21,821.30 के लेवल पर ट्रेड कर रहा था।



## एचडीएफसी को करारा झटका लगा

शुरुआती कारोबार में निफ्टी पर एचडीएफसी बैंक, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील, एक्सिस बैंक और बजाज ऑटो के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। इस दौरान भारती एयरटेल ), एचडीएफसी लाइफ, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, आईटीसी के शेयर हरे निशान पर कारोबार करते दिखे। जब मार्केट में कारोबार आगे बढ़ा तो एचडीएफसी बैंक के शेयर 5.67 फीसदी तक बिखर गए। दूसरी बड़ी गिरावट हिंडाल्को में आई और ये करीब 3 फीसदी तक टूटा। **क्या है वजह? :** इस बड़ी गिरावट के पीछे के कारणों में ईरान और पाकिस्तान में तनाव के कारण भू-राजनैतिक स्थिति बिगड़ने की संभावना का दबाव माना जा रहा है। ईरान ने पाक के बलूचिस्तान में आतंकी संगठन जैश अल अदल के ठिकानों को निशाना बनाया है। इस हमले के बाद पाकिस्तान भी बौखला गया है।

## धोनी के खिलाफ पार्टनर्स ने मुकदमा दायर किया

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के खिलाफ उनके दो पूर्व बिजनेस पार्टनर्स ने दिल्ली उच्च न्यायालय में मानहानि का मुकदमा दायर किया है।इसे 18 जनवरी को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। वादी और बिजनेस पार्टनर मिहिर दिवाकर और उनकी पत्नी सौम्या दास ने धोनी, कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और मीडिया घरानों के खिलाफ स्थायी निषेधाज्ञा और हर्जाना देने की मांग करते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। अर्जी में कहा गया है कि पूर्व क्रिकेटर से कथित तौर पर 15 करोड़ रुपये का कथित अवैध लाभ उठाने और 2017 के अनुबंध के उल्लंघन के संबंध में लगाए गए धोनी के झूठे आरोपों के संबंध में प्रतिवादियों को वादी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने से रोका जाना चाहिए।



## चुनाव आ रहे हैं... घट सकते हैं पेट्रोल-डीजल के दाम !

**नई दिल्ली।** पेट्रोल-डीजल की ऊंची कीमतों से परेशान लोगों के लिए खुशखबरी आ सकती है। इसके तहत संभवत फरवरी में पेट्रोल व डीजल कीमतों में कमी हो सकती है। इनके दाम 5 से 10 रुपये तक कम हो सकते हैं। खबरों केमुताबिक सरकारी तेल कंपनियां अपने तीसरी तिमाही के नतीजे जारी करने के बाद अगले महीने पेट्रोल-डीजल कीमतों को कम करने पर विचार कर सकती हैं। कटौती की वजह कंपनियों का रेकॉर्ड मुनाफा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सरकारी तेल कंपनियों का नेट प्रॉफिट रेकॉर्ड 75 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा होने की संभावना है। क्रूड ऑयल की कीमतों में भी काफी गिरावट आई है। सरकारी तेल कंपनियों को कच्चा तेल सस्ता मिल रहा है। इससे भी कंपनियों का मुनाफा काफी बढ़ गया है। जल्द होने वाले चुनाव के पहले यह फैसला संभावित माना जा रहा है, ज्ञात हो पहले भी यह 'संयोग' बना है कि चुनाव के पहले दामों में राहत मिली है।



## टॉयलेट में फंसा यात्री, कमोड पर बैठकर सौ मिनट की फ्लाइट

**बेंगलुरु।** मुंबई से बेंगलुरु जा रही स्पाइसजेट की फ्लाइट में तकनीकी दिक्कतों की वजह से एक यात्री करीब 100 मिनट तक टॉयलेट में फंसा रहा। इस दौरान यात्री काफी डर गया। लैंडिग के बाद इंजीनियरों ने दरवाजा तोड़कर यात्री को बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार, फ्लाइट में सफर कर रहा एक यात्री टेकऑफ के तुरंत बाद विमान के टॉयलेट गया इसी दौरान टॉयलेट के दरवाजे का लॉक खराब हो गया। जब यात्री अंदर फंस गया, तो उसने मदद मांगी। इसके बाद क्रू और अन्य यात्रियों ने बाहर से दरवाजा खोलने की कोशिश की। जब क्रू को महसूस हुआ कि इस तरह वो इस तरह टॉयलेट का दरवाजा नहीं खोल पाएंगे, तो उन्होंने एक कागज पर नोट लिखकर अंदर यात्री को दिया कि उन्हें स्थिति के बारे में पता है और वो जल्द लैंड करेंगे और यात्री को बाहर निकालेंगे। यात्री को निर्देश दिए गए कि वो कमोड का ढक्कन बंद करके उस पर बैठ जाए। बाद में लैंड होते ही यात्री को बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार दिया गया।




## मोहन यादव मंत्री परिषद की चौथी बैठक, कई प्रस्तावों पर लगी मुहर

# पीएम से जुड़ी योजनाओं पर मंथन, अयोध्या की तरह किया जाएगा चित्रकूट का विकास

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र सरकार की कैबिनेट बैठक में आज मुख्यमंत्री मोहन यादव ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के प्रेजेंटेशन के बाद मंत्रियों से प्रचार-प्रसार और लाभ दिलाने की तैयारियों को लेकर चर्चा की। यह यादव सरकार की चौथी कैबिनेट बैठक है। इसमें निवेश बढ़ाने के लिए कुछ प्रस्तावों को मंजूरी मिली है। इसके अलावा अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बैठक में चर्चा की गई। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मंत्रालय में हुई मंत्री परिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में चित्रकूट में कल 16 जनवरी को श्री रामचंद्र पथ गमन न्यास की पहली बैठक का उल्लेख करते हुए यादव ने कहा कि राम वन पथ गमन के विकास की कार्य योजना को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। पांच विशेषज्ञों की समिति बनाकर कार्य आरंभ किया जाएगा, जो क्षेत्र चिह्नित है वहां पहले कार्य आरंभ होगा और चित्रकूट का विकास अयोध्या की तरह किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में आ रहे शुभ अवसर के संदर्भ में मध्य प्रदेश में उत्सव और आयोजन के लिए विशेष कार्य योजना राज्य सरकार द्वारा बनाई गई है। मंदिरों में 11 से 22 तक चलने वाले स्वच्छता अभियान में मंत्रीगण तथा अधिक से अधिक जनप्रतिनिधि भाग लें। बताया जाता है कि पीएम जनमन योजना के कामकाज को लेकर विस्तृत प्रजेंटेंशन तैयार किया गया था। हाल में इस योजना के लाभार्थियों से भी प्रधानमंत्री मोदी ने वीसी के जरिये बात की थी।



*मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्री परिषद की बैठक मंत्रालय में वंदे मातरम के गान के साथ आरंभ हुई।*

### बीआरटीएस हटाने का एक्शन प्लान

राजधानी में यातायात की सबसे बड़ी बाधा व दुर्घटना का सबब बना हुआ बीआरटीएस कॉरिडहोर हटाने के संबंध में मुख्यमंत्री डा यादव अफसरों द्वारा तैयार कार्ययोजना पर चर्चा कर रहे हैं। कॉरिडोर में दस साल में सैंकडों बडी छोटी दुर्घटना हुई हैं व करीब तीन सौ जान जा चुकी हैं। कार्ययोजना के तहत कुल 6 लेन मार्ग किया जायेगा। कॉरीडोर में निर्मित साइकिल ट्रेक में भी सुधार किया जायेगा। रोशनपुरा से कमला पार्क मार्ग तक मिक्स्ड वाहनों के लिये 3 लेन सड़क मय सेंट्रल वर्ज बनाया जायेगा। यह सभी कार्य नगरपालिक निगम भोपाल द्वारा कराया जायेंगे। इस बैठक के बाद आज शाम मुख्यमंत्री इंदौर पहुंचेंगे। वहां वे देवी अहिल्या की मूर्ति पर माल्यार्पण व एलिवेटेड कॉरिडोर का भूमिपूजन विश्राम बाग में स्क्रेप से बने राम मंदिर स्ट्रक्चर का उद्घाटन करेंगे।

## राहुल यात्रा के दौरान नगालैंड के युवा बाईकर्स से बतियाए

**कोहिमा।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आज नगालैंड के मोकोकचुंग से भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू की। अपनी यात्रा के दौरान वे बाइकर्स से भी मिले और उनसे कुछ देर बातचीत भी की। मीडिया से बात करते हुए एक बाइकर ने बताया कि उनके और राहुल गांधी के बीच बाइक के अलावा अन्य किसी भी मुद्दे पर बात नहीं हुई है। बाइकर ने कहा, 'हमारे बीच सिर्फ मोटरसाइकिल को लेकर बातचीत हुई। साथ ही उनके लद्दाख दौरे को लेकर भी बात हुई। राहुल ने 14 जनवरी को मणिपुर से 67 सौ किलोमीटर की यह यात्रा शुरू की है जो 20 मार्च को मुंबई में पूरी होगी।



## अय्यर की बेटी के थिंक टैंक का लाइसेंस निरस्त

### विदेशी मदद का रास्ता रुका

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर की बेटी यामिनी अय्यर के नेतृत्व में चलने वाले एक फेमस थिंक टैंक का फॉरेन कॉन्ट्रिब्यूशन रेगुलेशन एक्ट कैंसिल कर दिया है. इस थिंक टैंक का नाम सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च है। जानकारी के मुताबिक, नियमों के उल्लंघन के चलते सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च का स्नष्ट्रक्रलाइसेंस रद्द किया गया। सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च पहले भी सरकार के रडार पर था। इससे पहले इस थिंक टैंक पर इनकम टैक्स के सर्वे हो चुके थे। बीते साल मार्च में गृह मंत्रालय ने सेंटर के इस लाइसेंस को सस्पेंड किया था।



सूत्रों की मानें तो थिंक टैंक को कथित तौर पर फोर्ड फाउंडेशन सहित कई विदेशी संगठनों से धन प्राप्त हुआ था। ये भी आरोप लगे कि उसने गुजरात की सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड के एनजीओ को चंदा दिया था। हालांकि गृह मंत्री ने साल 2016 में ही तीस्ता के एनजीओ सबरंग ट्रस्ट का स्नष्ट्रक्रलाइसेंस सस्पेंड कर दिया था।

## आज मंदिर परिसर में प्रवेश करेंगे रामलला

**अयोध्या, एजेंसी।**

राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान का दूसरा दिन है। आज रामलला पहली बार राम मंदिर परिसर में प्रवेश करेंगे। उनको शुभ मुहूर्त में परिसर में प्रवेश कराया जा रहा है। इसके पहले सरयूजी से जल यात्रा आरंभ होगी। कुल नौ कलशों में जलभर कर आचार्यगण व यजमान सरयू के सहस्त्रधारा घाट से रामजन्मभूमि परिसर में अनुष्ठान के निमित्त निर्मित मंडप तक जाएंगे। सरयू तट पर ही तीर्थ पूजन भी होगा।

मथुरा से सांसद हेमा मालिनी अयोध्या पहुंच गई हैं। हेमा अपनी टीम के साथ यहां रामायण पर आधारित नृत्य प्रस्तुति देंगी। हेमा मालिनी ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन वे कांजिवरम साड़ी पहनेंगी।

**मेट्रो एंकर**

## अयोध्या के एक प्राचीन मंदिर में बद्रीनाथ मंदिर के रावल जैसी परंपरा ...

# पुरुष पुजारी को मिल रही पीरिएड लीव !

**अयोध्या, एजेंसी।**

धर्म और आस्था से जुडी कई परंपराएं आज तक साथ चल रही हैं और पूरी श्रध्दा के साथ। इसी तरह की एक परंपरा का वाहक अयोध्या का रामकोट स्थित जुगल माधुरी कुंज मंदिरहादुर शरण मंदिर भी है। यहां के पुजारी राजबहादुर यूं तो पुरूष हैं लेकिन उन्हें आज तक महीने में तीन से पांच दिन तक 'पीरिएड लीव' मिलती है ! यह छुट्टी उन्हें देते हैं जुगल, यानि भगवान श्रीराम और माता सीता। इसे ही मासिक अवकाश यानी पीरियड्स लीव कहा जाता है।

दरअसल, राज बहादुर महंत हैं इस मंदिर के। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह मंदिर सखी परंपरा का है और जब माता सीता की सखियां साथ नहीं होतीं तो महंत को सखी भाव में आना पड़ता है। तब उनके सिर पर दुपट्टा और माथे पर चंदन सजा होता है। मगर क्या आपके हाव भाव भी स्त्रियोचित हो जाते हैं? इसके जवाब में राज बहादुर मुस्कुराते हुए कहते हैं, 'विशेष पर्वों पर सखी बनकर जुगल के सामने नृत्य भी करना होता है।'

राजबहादुर की दिनचर्या रोज सुबह 5 बजे से शुरू होती है और भगवान के शयन के बाद खत्म होती है। अष्टयाम सेवा यानी आठ प्रहरों के श्रृंगार, भोग, आरती के बीच उन्हें मुश्किल से बाकी काम के लिए वक्त मिलता है। फिर पिछ्ले करीब दो साल से व्यस्तता और बढ़ गई है। मंदिर में मरम्मत हो रही है। बस तीन से पांच दिन की छुट्टी में उन्हें थोडा आराम मिलता है। बताया जाता है कि यह परंपरा कुछ-कुछ बद्रीनाथ मंदिर के रावल जैसी है, जो मंदिर के कपाट खुलते और बंद होते समय लक्ष्मीजी के विग्रह को छूने के लिए स्त्री वेश धारण करते हैं। हालांकि, वहां रावल को उस परंपरा के निर्वाह के लिए स्त्री बनना पड़ता है, जिसके तहत कोई पराया पुरुष किसी स्त्री को नहीं छू सकता।



**1898 में हुआ था मंदिर का निर्माणः** इस हवेलीनुमा मंदिर में जुगल के दर्शन के लिए करीब दो दर्जन सीढ़ियां तय करनी पड़ती हैं। लखनऊ-सीतापुर रोड पर एक छोटी-सी रियासत भीखमपुर की महारानी ने 1898 में वर्तमान मंदिर का निर्माण करवाया था। उसके पहले मंदिर छोटा था। रानी साहिबा इस मंदिर के पहले महंत मैथिलीशरण भक्त मालीजी महाराज की भक्त थीं। राज बहादुर उसी परंपरा में तीसरे महंत हैं। इस मंदिर का कामकाज देखने के लिए एक ट्रस्ट है। यह मंदिर गृहस्थ गद्दी में आता है। यानी महंत को गृहस्थी बसाने की अनुमति है।

### सीता की आठ सहेलियां

इस मंदिर के बारे में मान्यता है कि विवाह के बाद जब सीताजी अयोध्या आईं, तो उनके साथ उनकी आठ सखियां भी थीं। उन सखियों के नाम थे - चंद्रकला, प्रसाद, विमला, मदन कला, विश्व मोहिनी, उर्मिला, चंपाकला और रूपकला। इस मंदिर में श्रीराम-सीता के साथ ये आठों सखियां भी विराजमान हैं। हालांकि, सखियां हर समय जुगल के साथ मौजूद नहीं होतीं। राम विवाह, रामनवमी और सावन पर सखियों का दरबार लगता है।

# असंभव है, अब किसी और डॉक्टर का बिसारिया हो पाना...!

जब हम लोग गांधी मेडिकल कालेज भोपाल से एमबीबीएस कर रहे थे तब सर का नाम सुना था और एमएस करते समय तक उनकी शल्यग्ता के कीर्तिमान सुनने समझने आने लगे थे, कालांतर में जब भोपाल में मेरी शल्य शाला, कल्पतरू अस्पताल से शुरू हुई तो पहला ही केस अपेंडिक्स परफोरेशन का आया, अस्पताल टीम ने उस मरीज को मात्र पांच हजार का कुल बजट दिया, उस पर भी वो मरीज लापता हो गया लेकिन शाम होते होते, फिर लौट आया, मालूम हुआ कि वो डॉक्टर बिसारिया को दिखाने गया था और उन्होंने उसे यह कहकर वापस भेज दिया कि में डॉक्टर गर्ग को जानता हूं और तुम उन्ही से करवाओ, जिद करने पर उन्होंने उसे काफी बड़ी फीस बता दी, और मरीज के साथ वालों से कहा, कि अगर हम इतना सस्ता कर देंगे तो हमारे जूनियर डॉक्टर कैसे काम कर पाएंगे ?



यही नहीं, चिरायु अस्पताल के प्रमुख सर्जन के तौर पर भी काम करते हुए कई गंभीर मरीजों को, उनके घरवालों के कहने पर देखने आए तो सबके सामने कहते थे, इतना अच्छा ऑपरेशन तो में भी नही कर सकता ! इतना विशाल ह्रदय और इतने विनम्र, यकीनन हम सबके वटवृक्ष थे भोपाल की लगभग सभी चिकित्सा एसोसिएशंस के संस्थापक सदस्य, वरिष्ठतम कार्डियक सर्जन , युवा चिकित्सकों के प्रेरणा स्त्रोत एवं पथ प्रदर्शक, समाजसेवी , भोपाल के प्रथम महापौर एवं नर्सिंग होम एसोसिएशन भोपाल के पितृ तुल्य सम्माननीय राजकुमार बिसारिया जी !

उनकी विनम्रता का एक और प्रसंग, जब उन्हे डायबिटिक फुट की दिक्कत हुई, तो उन्होंने मुझसे फोन कर समय मांगा, मेंने कहा, कि सर में आजाता हूं, तो साफ साफ कहने लगे, कि नही में ही आऊंगा,और समय से पहले चुपचाप आ कर वेटिंग में बैठ गए, इतना हंबल कोई हो सकता है? और जब उनका पैर ठीक हो गया, तो कितना एप्रिशियेटिंग लेटर लिखा और वीडियो भी बनवाया, उनका निधन हम सभी के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

उनके अवसान के इन कठोर पलों में, अपने सारे परिजनों सहित, शोक व्यक्त करते हुए, हम अपने उद्गाररूपी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं, और ईश्वर से उनकी आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने तथा सद्गति प्रदान करने की अश्रुपूरित विनती करते हैं।

**डॉक्टर भुवनेश गर्ग की फेसबुक वॉल से**

**उल्लेखनीय है कि डॉ. आर के बिसारिया का कल निधन हो गया, वे 88 वर्ष के थे । उनका अंतिम संस्कार सुभाष नगर विश्राम घाट पर हुआ। वे तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह के आग्रह पर राजनीति में भी आए और भोपाल के पहले महापौर भी बने तथा इस पद पर दो कार्यकाल पूरे किए। उन्होंने गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के बाबूलाल गौर के खिलाफ चुनाव भी लड़ा था मगर वे जीत नहीं सके।**

## आवारा कुत्तों द्वारा मासूमों की जान लेने और हमला करने के बावजूद पेट लवर कार्रवाई में आ रहे आड़े

# पेट लवर्स पर जनप्रतिनिधियों की चुप्पी से बढ़ रहा टकराव



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी के ज्यादातर जनप्रतिनिधि वैसे तो छोटे–छोटे मामलों में अपनी प्रतिक्रियाएं देने से नहीं चूकते है लेकिन आवारा कुत्तों पर की जा रही कार्रवाई में आड़े आ रहे पेट लवर पर कुछ बोलने को तैयार नहीं है। यही वजह है कि कई पेट लवर टकराव का कारण बने हुए हैं। अब तो विवाद भी सामने आने लगे हैं। पूर्व में यह विवाद गली–मोहल्लों के अंदर तक ही सीमित हुआ करता था। अब ऐसे पेट लवर उन तमाम लोगों के साथ झगड़ा करने के लिए तैयार है जो आवारा कुत्तों के नियंत्रण से जुड़ी समस्या को खत्म करने का हिस्सा है।

### कई कॉलोनियों में पेट लवर लड़ने के लिए तैयार

खुद को आवारा कुत्तों का संरक्षक बताने वाले पेट लवर शहर की कई कॉलोनियों में मुसीबत बने हुए हैं। ये जब भी डाग बाइट की कोई घटना होती है तो उस पर न्यायसंगत बात करने की बजाए आवारा कुत्तों के बचाव में खड़े हो जाते हैं, उन्हें खुलेआम खाना खिलाते हैं ताकि उनका संबंधित क्षेत्रों में मौजूदगी बनी रहे। इस बात से रहवासी परेशान है। कई कॉलोनियों में तो कुछ पेट लवर और रहवासियों के बीच आपसी विवाद भी हो रहे हैं। हाल ही में विवेक यादव के 11 साल के कौशिव को कुत्तों द्वारा जांग में काटने और उसके द्वारा रिपोर्ट करने के लिए जाने की बात पर खुद को पेट लवर बताने वाली कविता ने यही किया। विवेक का आरोप है कि कविता ने अपने कुछ रिश्तेदारों के साथ उसके साथ मारपीट की, गाड़ी के शीशे तोड़ दिया। मामला अयोध्या नगर पुलिस में पहुंचा है जहां कविता के खिलाफ जांच की जा रही है, शीशे तोड़ने वालों पर भी कार्रवाई की तलवार लटकी है। यही नहीं, कविता पर शासकीय कार्य में बाधा डालने का केस भी दर्ज हो सकता है क्योंकि आवारा कुत्तों को पकड़ने पहुंची निगम की टीम के साथ भी कविता व उसके साथियों द्वारा अभद्रता करने और उन्हें रोकने के आरोप है, इस मामले की पुलिस जांच कर रही है।

## 6 माह के मासूम को स्ट्रीट डॉग द्वारा नोचकर मारने का मामला

# मुख्य सचिव-एसीएस को जांच के निर्देश, पूर्व की अनुशंसाओं की भी रिपोर्ट तलब

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल में कुत्तों के काटने से छह माह के मासमू बच्चे की मौत का है। मामले में आयोग ने ने मुख्य सचिव म.प्र.शासन, भोपाल एवं एसीएस, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्रालय, भोपाल को घटना की जांच कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आयोग ने ऐसे मामलों को लेकर पूर्व में अनुसशांओं के बाद भी कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं करने के सम्बन्ध में अधिकारियों से जवाब मांगा है। बता दें कि भोपाल शहर के अयोध्या नगर स्थित मिनाल रेसीडेंसी के गेट नंबर-4 पर बीते बुधवार को छह माह के बच्चे को कुत्तों के झुंड द्वारा उठाकर ले जाने एवं नोच-नोचकर मार डालने की घटना सामने आई है। बच्चे के माता-पिता मजदूरी करते है।

### मूक बधिर बच्चे परेशान, कलेक्टर से रिपोर्ट तलब

भोपाल शहर के मूक बधिर बच्चों के लिये सुनने के लिये लगाई गई मशीन एक साल से खराब होने से बच्चों को सुनने में भारी दिक्कते आ रही है। परिजनों ने इसकी कई बार शिकायत भी की। लेकिन आज तक मशीनों में बदलाव नहीं किया गया है। मामले में संज्ञान लेकर आयोग ने कलेक्टर, भोपाल से मामले की जांच कराकर मूक बधिर बच्चों के संबंध में उत्पन्न समस्या के सकारात्मक समाधान का प्रयास शासन की ओर से कराकर सामाजिक न्याय की अवधारणा को स्थापित करने के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

# डीईओ कार्यालय में भिड़े स्कूल संचालक और कर्मचारी, मारपीट के आरोप

**भोपाल।** भोपाल के तुलसी नगर स्थित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में स्कूल संचालक और कर्मचारी भिड़ गए। बोर्ड परीक्षा के लिए एग्जाम सेंटर बदले जाने से नाराज स्कूल संचालक डीईओ से मिलने पहुंचे थे, लेकिन इस बीच कर्मचारी और स्कूल संचालक में कहासुनी हो गई। विवाद बड़ा तो स्थिति मारपीट की बन गई। जिसके कुछ ही देर में टीटी नगर थाने की पुलिस भी पहुंच गई और पुलिस ने विवाद शांत कराया। इसी बीच डीईओ कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर से मीटिंग का बोलकर निकल गए। हालांकि मामले में स्कूल संचालक और जिला शिक्षा अधिकारी ने कोई मारपीट नहीं होने की बात कही है।



**यह है पूरा मामला:** दरअसल, मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं व 12वीं की परीक्षा के केंद्रों का निर्धारण की प्रक्रिया जारी है। भोपाल जिले में करीब 103 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। इसमें अशोका गार्डन इलाके में संचालित एमपी विकास कान्वेंट स्कूल के बच्चों को पिछले साल लक्ष्मी मंडी स्कूल परीक्षा केंद्र बनाया गया था। इस साल स्कूल का परीक्षा केंद्र अन्य जगह पर परिवर्तन कर दिया है। इससे नाराज एमपी कांवेंट स्कूल के संचालक मंगलवार को डीइओ कार्यालय में डीईओ से बात करने पहुंचे थे। डीईओ संचालक की बातों का ठीक ढंग से जबाव नहीं दे पाए, तो उन्होंने कर्मचारी सुरेश शर्मा को कक्ष में बुला लिया। सुरेश शर्मा को परीक्षा केंद्रों के संबंध में कोई जानकारी नहीं थी। इससे स्कूल संचालक ज्यादा नाराज हो गए। दोनों में विवाद हो गया।



अशोका गार्डन मां दुर्गा धाम शक्तिपीठ मंदिर में हरिहरात्मक यज्ञ के लिए 151 कलश के साथ महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली महापौर मालती राय भी शामिल हुईं।

## संक्रांति पर बच्चों ने बनाई पतंगें

**हिरदाराम नगर।** लाइफ लाइन स्कूल के विद्यार्थियों ने मकर संक्रांति पर पतंग बनाई, जिसमें उनकी रचनात्मक सामने आई। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

प्राचार्या किरण वाधवानी ने कहा, हर मौके पर बच्चों को एक्टिविटी करवाई और सिखाई जाती है, उद्देश्य उनको जीवन पर्यान्त याद रहे। इस मौके पर संक्रांति पर्व क्यों मनाया जाता है? इसके बारे में बच्चों को बताया गया। साधना, वीर, आंशिका, उमेरा, आशीष, पायल ने आकर्षक पतंग बनाई।

## बोरवन रोड हुई बदहाल जल्द से जल्द बनाई जाए

**हिरदाराम नगर।** समाजसेवी कमलेश देवानी संतनगर की खराब सड़क पर नाराजगी जताई। एक बयान में देवानी ने कहा है कि बोरवन पार्क रोड बदहाल है। इस रोड पर सुबह-शाम पार्क में टहलने वाले आते हैं। साथ ही स्कूली बसों की आवाजाही रहती है। सड़क खराब होने से एक्सीडेंट होते रहते हैं। कहा जा रहा था, चुनाव के बाद सड़क ठीक हो जाएगी, लेकिन चुनाव, शपथ, मंत्रिमंडल के गठन के लंबे समय बाद भी सड़क बनने की स्थिति नहीं दिख रही है। देवानी ने जल्द से जल्द सड़क बनाए जाने की मांग की है।

# रामलाल उत्सव शोभ यात्रा में समूचा संतनगर बने भागीदार

## टैंपल ऑफ संबोधि में हुई समिति की बैठक

**हिरदाराम नगर।** श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा शोभा यात्रा समिति द्वारा शोभायात्रा को लेकर टेंपल ऑफ संबोधि में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से वेदांत साई लाल साई मौजूद रहे। बैठक में शोभा यात्रा को भव्य बनाने और सभी की भागीदारी को लेकर चर्चा हुई। झूलेलाल कल्याण मंडलम सेवा समिति के सारे पदाधिकारी बैठक में सम्मिलित हुए। राज कुमार वाधवानी ने अपनी राम के प्रति आस्था को दोहराते हुए घर-घर प्रभु राम के इस पावन आयोजन को पहुँचाने का संकल्प लिया। साई ने कहा शोभा यात्रा में समूचे संतनगर को जो?ने के लिए संस्थाओं और सभी को प्रयास करना चाहिए। इसके लिए सभी से आग्रह करें। बैठक में समाजसेवी अनिल भूलचंदानी, कमलेश रायचंदानी, कमल प्रेमचंदानी मोहन लालवानी, विनय दादलानी व राजेश बेलानी ने भी अपने विचार रखें।



**श्रीराम कथा 17 से 23 जनवरी तक:** अयोध्या राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में कैलाश नगर शिव मंदिर के पार्क में सप्त दिवसीय संगीत में श्री राम कथा आयोजन किया जाएगा। पंडित रवि पटेरिया ने बताया है कि कथा 17 से 23 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर दो बजे से प्रभु इच्छा तक कथा चलेगी। गंगा श्री फाउंडेशन द्वारा उदित जोशी को मुख्य यजमान बनाया गया कथा व्यास उज्जैन महाकाल के चैतन्य स्वरूप महाराज हैं।

## 20 को नवोदय स्कूल प्रवेश परीक्षा, केंद्र बदला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

### अब नूतन सुभाष उ.मा.वि.पंचशील में होगी परीक्षा

जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए 20 जनवरी 2024 को आयोजित होने वाली चयन परीक्षा 2024 के परीक्षा केन्द्र में परिवर्तन किया गया है। रातीब? जवाहर नवोदय विद्यालय प्राचार्य के अनुसार, शासकीय नवीन कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला तुलसी नगर भोपाल के स्थान पर शासकीय नूतन सुभाष उ.मा.वि.पंचशील नगर भोपाल प्रशासनिक कारणों से जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया है। प्राचार्य ने बताया कि जिन परीक्षार्थीयों को उक्त परीक्षा केन्द्र आवंटित किया गया है ऐसे परीक्षार्थीयों के पालकों से अनुरोध है कि वह परीक्षा शनिवार 20 जनवरी 2024 को अपने पाल्य एवं प्रवेश पत्र के साथ परीक्षा समय 11 बजे से एक घंटा पूर्व नये परीक्षा केन्द्र पर अपनी उपस्थिति प्रदान करें। किसी भी प्रकार की समस्या एवं पूछताछ के लिए मोबाइल नम्बर - 9584359571 पर संपर्क करें।

**मेट्रो एंकर**

## 11 हजार राम भक्तों के साथ विधायक रामेश्वर करेंगे सामूहिक श्री हनुमान चालीसा का पाठ

# रामलला प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर राममय होगा संतनगर

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

हुजूर विधानसभा के संत हिरदाराम नगर स्थित शहीद हेमू कालानी स्टेडियम में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन कराया जा रहा है। विधायक रामेश्वर शर्मा के इस आयोजन में 11 हजार नागरिक एक साथ सम्मिलित होकर हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। आयोजन गुरुवार को प्रातः 10ः00 बजे होगा।

यह पहला अवसर होगा जब संत नगर में इतनी बड़ी संख्या में रामभक्त अयोध्या के श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के संबंध में संत नगर के हेमू कालानी स्टेडियम में बैठक आयोजित की गई ।



**जगमग होगा कोना-कोना:** आयोजन के संबंध में चर्चा करते हुए विधायक शर्मा ने कहा कि - जब भगवान राम 14 वर्ष का वनवास पूरा कर अयोध्या वापस आए थे, तब रामभक्तों ने महीनों उत्सव मनाया था। अब तो हमारे प्रभु 500 साल बाद अपने दिव्य और आलौकिक धाम में विराजमान होंगे। 500 सालों इंतजार पूरा होने का हर्ष 500 गुना अधिक है। इसलिए प्रभु के स्वागत में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। हुजूर विधानसभा के कोने-कोने में उत्सव मनाएंगे। पूरी विधानसभा को दीपों से ऐसे सजाएंगे कि हुजूर की रौशनी से भोपाल जगमग हो जाएगा।

### यह रहे मौजूद

बैठक में संत लाल साई, भाजपा नेता सुशील वासवानी, कमल प्रेमचन्दानी, रमेश जनयानी, बसंत चेलानी, कमल विधानी, जगदीश यादव, राम बंसल, राहुल राजपूत, प्रवीण प्रेमचंदानी, राजू मीना, राजेश हिंगोरानी, राम त्रिलोकानी, जीतू कटारिया, नरेश वासवानी, किशन अच्छानी, मूलचंद विधानी, राजेश बेलनी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### ये होंगे कार्यक्रम

- 20 जनवरी को 11 हज़ार राम भक्त करेंगे सामूहिक श्रीहनुमान चालीसा का पाठ, संतनगर के हेमू कालाणी स्टेडियम में होगा ।
- 22 जनवरी को संत नगर में निकाली जाएगी श्रीराम की भव्य शोभा यात्रा।
- 22 जनवरी को हेमू कालानी मैदान में होगा विशाल भंडारा।

# उद्योग, मजदूर, कामगार
# हर वर्ग की उन्नति
# हमारा सरोकार





नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

**माँ अहिल्या की पावन नगरी, हमारे इंदौर शहर के लिए लगातार 7वीं बार देश के स्वच्छतम शहर का सम्मान प्राप्त कर प्रदेश को गौरवान्वित करने के लिये इंदौर के नागरिकों का**

## हार्दिक आभार



**₹350 करोड़ लागत के**
**6.67 किमी**
## एलिवेटेड कॉरिडोर
(एलआईजी चौराहा से नवलखा चौराहा)
का
मुख्यमंत्री
## डॉ. मोहन यादव
द्वारा
**भूमि पूजन**
सायं 6:00 बजे, राजवाड़ा



**आयरन स्क्रैप से निर्मित**
## श्रीराम मंदिर अयोध्या की प्रतिकृति
का
**उद्घाटन**
सायं 6:30 बजे - विश्राम बाग

17 जनवरी, 2024 - इंदौर

D-11170/23

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

मध्यप्रदेश शासन

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

### सुविचार

``भगवान से कुछ मांगना है तो सद्बुद्धि मांगिए, बाकी सब अपने आप मिल जायेगा।''

-अज्ञात

## संपादकीय

# एक और पड़ोसी की बेवजह नाराजी

मालदीव से अचानक भारत का बिगाड़, दरअसल किसी छोटे से देश का मामला नहीं है, बल्कि उसके पीछे खड़े एक बड़े देश की चीन की चालबाजियों का विस्तार है। मालदीव में दो महीने पहले सत्ता परिवर्तन से ही साफ होने लगा था कि भारत को मालदीव आसानी से स्वीकार नहीं करेगा। अब हाल में उसने भारत को साफ-साफ कह दिया कि वह 15 मार्च तक अपनी सेना वहां से वापस बुला ले। यह बात दोनों पक्षों के उच्चस्तरीय कोर ग्रुप की बैठक में बताई गई। कोर ग्रुप की यह बैठक मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के एक सप्ताह की चीन यात्रा से लौटने के ठीक बाद हुई। चीन से लौटने के बाद खुद मुइज्जू ने ऐसा बयान दिया, जिसे कूटनीतिक हलकों में असामान्य रूप से कड़ा माना गया। उन्होंने कहा कि हम छोटे देश हो सकते हैं, लेकिन उस वजह से किसी को हमें धौंस दिखाने का लाइसेंस नहीं मिल जाता। भले ही उन्होंने भारत का नाम नहीं लिया, लेकिन यह स्पष्ट है कि उनका इशारा भारत की ओर था। कुछ ही समय पहले दोनों देशों के बीच एक अप्रिय विवाद हुआ था, जिसमें मुइज्जू सरकार के तीन मंत्रियों ने सोशल मीडिया एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में भद्दे कॉमेंट किए थे। इस पर स्वाभाविक ही न सिर्फ भारत सरकार की कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई बल्कि भारतीयों की भावनाएं भी आहत हुईं। हालांकि मालदीव सरकार ने तीनों मंत्रियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की, लेकिन सोशल मीडिया पर बॉयकॉटमालदीव का ट्रेंड चल गया। फिर भी मालदीव सरकार के ताजा रुख को इस विवाद का परिणाम मानना गलत होगाा। वहां काफी समय से इसकी पृष्ठभूमि तैयार हो रही थी। पिछले साल हुए राष्टपति चुनाव में भी मुइज्जू ने भारतीय फौज की वापसी को बड़ा मुद्दा बनाया था। ऐसे में अगर वह चीन की ओर झुकने वाली नीति अपनाने की कोशिश कर रहे हैं तो आश्चर्य की बात नहीं है। हैरानी की बात यह है कि उन्होंने देश में भारत विरोधी माहौल बनाने वाला बयान दिया है। इससे लगता है कि उनका ध्यान वहां मार्च में होने वाले संसदीय चुनावों पर केंद्रित है। किसी देश की विदेश नीति घरेलू राजनीति से निर्देशित होने लगे तो यह खतरा पैदा हो जाता है कि वहां दीर्घकालिक राष्ट्रीय हित गौण पड़ने लगेंगे। जिस तरह से मुइज्जू तुर्किये से खाना और यूरोप व अमेरिका से दवाएं मंगाने की बात कर रहे हैं, उससे लगता है कि मालदीव की भू-राजनीतिक स्थिति की सचाइयों से उनका ध्यान या तो हट गया है या उन्होंने कुछ समय के लिए उस तरफ से आंखें बंद कर ली हैं। लेकिन सबसे गौरतलब तो यह है कि आपा खो रहे महज पांच लाख की आबादी वाले मालदीव को लेकर अभी तक भारत ने अपना संयत रुख कायम रखा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर का यह कहना कि 'राजनीति तो राजनीति है।' साफ है, भारत जल्दबाजी में कदम उठाने से बचना चाहता है। वह मालदीव को वक्त देते हुए चलेगा ताकि बातचीत व संबंध बहाली का रास्ता बना रहे। भारत के लिये मालदीव से ज्यादा फिक्र की वजह चीन ही है,जो खुद इस वक्त अपना समस्याओं से जूझ रहा है, वहीं भारत के लिये कनाडा से खिंचाव का भी मामला हल नहीं हुआ है, उसके लिये अमेरिकी रुख पर भी नजरे बनाए रखना जरूरी हो गया है। बहरहाल भारत की ताकत सभी देश जानते हैं और मुश्किल के समय भारत की मदद भी लोग समझते हैं,इसीलिये मालदीव के नागरिक और वहां का पर्यटन उद्योग अपने राष्ट्रपति के इन औचक तेवरों से परेशान है।

### आज का इतिहास

- 1930-रवीन्द्रनाथ टैगोर ने महात्मा गांधी के साबरमती आश्रम की यात्रा की।
- 1942-मुक्केबाज़ मुहम्मद अली का जन्म।
- 1947-प्रसिद्ध भारतीय गायक और अभिनेता कुंदन लाल सहगल का जालंधर में निधन।
- 1959-महात्मा गांधी की सहयोगी मीरा बेन (मैडलिन स्लैड) ने भारत छोड़ा।
- 1962-अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- 1972-क्रिकेट खिलाड़ी विनोद काम्बली का जन्म।
- 1976-फ्रांस ने जासूसी के आरोप में 40 सोवियत अधिकारियों को देश से निष्कासित किया।
- 1986-दक्षिण यमन की राजधानी अदन में जबरदस्त संघर्ष शुरू होने पर विदेशी नागरिक भागने लगे।
- 1989-चेकोस्लोवाकिया में लाखों लोगों ने आज़ादी सच्चाई और मानवाधिकार के समर्थन में प्रदर्शन किया।
- 1997-'नफीसा जोसेफ़' 'मिस इंडिया' बनीं।
- 2001-लारेंट काविला की हत्या के बाद उसके पुत्र ने कांगों की सत्ता संभाली।
- 2002-संयुक्त राज्य अमेरिका भारत को अत्याधुनिक हथियार देने को राजी, कॉलिन पावेल ने कहा कि पाक आतंकवादियों की सूची पर कार्रवाई करे तभी भारत वार्ता करेगा।
- 2003-हिन्दी भाषा के प्रसिद्ध कवि और लेखक हरिवंश राय बच्चन का निधन।
- 2004-भारत ने क्रिकेट की एकदिवसीय श्रृंखला में आस्ट्रेलिया को 19 रनों से हराया।
- 2005-सुप्रीम कोर्ट ने सांसदों को पेट्रोल पम्प आवंटित नहीं करने की सिफ़ारिश की।
- 2006-संयुक्त राज्य अमेरिका में इच्छा मृत्यु पर सुप्रीम कोर्ट ने मुहर लगायी।
- 2007-विश्व की सबसे वृद्ध महिला जूली विनफ्रेड बर्टरंड का कनाडा में निधन।
- 2008-जॉर्ज क्लूने को संयुक्त राष्ट्र के शांतिदूत बनाये गये।
- 2009-सौरभ गांगुली को 'बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन' ने सोने के बैट से सम्मानित किया।
- 2013-भारतीय सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री दुलारी का निधन।

# अयोध्या राम मंदिर का श्रेय किसे मिलना चाहिए

## आडवाणी या मोदी? उत्तर जगजाहिर है

डीके सिंह

राष्ट्र धर्म पत्रिका में आडवाणी के लेख से पता चलता है कि उन्हें मोदी द्वारा राम लला मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा किए जाने से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन वे नहीं चाहेंगे कि उनका योगदान पूरी तरह से भुला दिया जाए.

राष्ट्र धर्म पत्रिका में आडवाणी के लेख से पता चलता है कि उन्हें मोदी द्वारा राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा किए जाने से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन वे नहीं चाहेंगे कि उनका योगदान कालीन के नीचे दबा दिया जाए. शुक्रवार और शनिवार को अखबारों और टीवी चैनलों की सुर्खियों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को यह कहते हुए उद्धृत किया गया कि वे 1990 में अपनी राम रथ यात्रा में केवल एक सारथी थे और यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही थे जिन्हें भगवान राम ने अयोध्या में मंदिर के निर्माण के लिए चुना था। खबरों के अनुसार, आडवाणी ने कथित तौर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध पत्रिका राष्ट्र धर्म को बताया कि 'पूरी' रथ यात्रा के दौरान मोदी उनके साथ थे और भगवान राम ने मोदी को 'तभी' अयोध्या में मंदिर बनाने के लिए चुन लिया था। यह देखते हुए कि मोदी 22 जनवरी को अयोध्या मंदिर में राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे, राम मंदिर को राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में लाने वाले प्रसिद्ध रथयात्री द्वारा मोदी का समर्थन उचित लग रहा था।

सिवाय इसके कि आडवाणी ने ऐसा कुछ नहीं कहा, टीवी चैनल और अखबार सत्ता प्रतिष्ठान से जुड़े लोगों द्वारा साझा किए गए एक अहस्ताक्षरित व्हाट्सएप मैसेज में रम गए थे. जब तक आडवाणी के दफ्तर ने उनका लेख, श्री राम मंदिर-एक दिव्य स्वप्न की पूर्ति, शनिवार को साझा किया – जिसे राष्ट्र धर्म द्वारा सोमवार को प्रकाशित करने की संभावना है – तब तक बहुत देर हो चुकी थी।पूर्व उप-प्रधानमंत्री शायद उन हेडलाइन्स को देखकर चकित हो गए होंगे, लेकिन क्या वरिष्ठ भाजपा नेता के लिए उन्हें नकारना बुद्धिमानी भरा कदम होता? आडवाणी के लेख में चार जगहों पर 'मोदी' का ज़िक्र है. सबसे पहले आडवाणी लिखते हैं, वे 'अपने जीवनकाल में' उस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बन कर 'धन्य' महसूस करेंगे जब मोदी भगवान राम की मूर्ति की स्थापना करेंगे. दूसरी बार, उन्होंने उल्लेख किया कि जब 25 सितंबर 1990 को सोमनाथ से यात्रा शुरू हुई, तो मोदी, 'जो उस समय भाजपा के एक होनहार नेता थे' मेरे, प्रमोद महाजन, राजमाता विजयाराजे सिंधिया, सिकंदर बख्त और गुजरात के अन्य भाजपा पदाधिकारियों के साथ थे। तीसरी बार आडवाणी ने मोदी का उल्लेख तब किया जब उन्होंने कहा कि अब, मंदिर 'पूरा होने के अंतिम चरण' में है, वे मोदी के नेतृत्व वाली सरकार, सभी संगठनों – विशेष रूप से विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी), राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस), भाजपा, संतों, कारसेवकों और कई अन्य लोगों के प्रति कृतज्ञ हैं। और लेख में मोदी के चौथी बार के ज़िक्र में वे कहते हैं, जब पीएम राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे, तो 'वह हमारे महान भारतवर्ष के प्रत्येक नागरिक का प्रतिनिधित्व करेंगे'

बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष ने कभी नहीं कहा कि राम रथ यात्रा के दौरान मोदी हमेशा उनके साथ थे. उनका लेख असल में मोदी को गुजरात के कई नेताओं में से एक दर्शाता है, जो यात्रा के शुरू होने पर भाजपा के कई बड़े केंद्रीय नेताओं के साथ मौजूद थे। 1987 में भाजपा में शामिल हुए मोदी को आडवाणी उस समय एक 'होनहार नेता' बताते हैं. राष्ट्र धर्म में उनके लेख से पता चलता है कि हालांकि, आडवाणी को प्रधानमंत्री से भारत के प्रत्येक नागरिक के प्रतिनिधि के रूप में राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा में कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन वे नहीं चाहेंगे कि उनका अपना योगदान पूरी तरह से भुला दिया जाए।अगस्त 2020 में मोदी ने बहुत धूमधाम से अयोध्या मंदिर में भूमि पूजन किया था. उस समय आडवाणी को आमंत्रित नहीं किया गया. 2014 के बाद से पार्टी में दरकिनार किए जाने के बाद आडवाणी चुप रहे. यह सुनकर उन्हें एक बार फिर दुख हुआ होगा कि मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने उम्र और स्वास्थ्य का हवाला देते हुए उन्हें और मुरली मनोहर जोशी को अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं होने का आग्रह किया था.



राष्ट्र धर्म में आडवाणी का लेख उन लोगों द्वारा अलगाव में छोड़े गए एक वयोवृद्ध नेता की उत्कट अपील की तरह लगता है, जिन्हें उन्होंने अपने सुनहरे दिनों में आगे बढ़ाया था. उनकी पार्टी के सहयोगियों को कम से कम उनके योगदान को याद रखना चाहिए, भले ही वे जिसे मलयालम लेखक एमटी वासुदेवन नायर 'औपचारिक नेतृत्व पूजन' कहते हैं, कितना भी पसंद करते हों। अगर मोदी ने भी अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण में आडवाणी के योगदान के बारे में बात नहीं की है, तो शायद ऐसा इसलिए है क्योंकि वह प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारी में बहुत व्यस्त हैं और 11-दिवसीय विशेष अनुष्ठान कर रहे हैं। सच तो यह है कि आडवाणी भले ही अपने पुराने दिनों की यादों में खोए हों, लेकिन भाजपा आगे बढ़ चुकी है. यह एक दूरदर्शी पार्टी है. 1980 और 1990 के दशक में राम मंदिर आंदोलन का नेतृत्व करने वालों को प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रित किया गया है. आडवाणी, उमा भारती, साध्वी ऋतंभरा, विनय कटियार और कई अन्य जो शायद अपने गौरवशाली दिनों को याद कर रहे हैं, उनके लिए अच्छा रहेगा कि वे इससे उबरें और आगे बढ़ें।

**किसने निभाई बड़ी भूमिका?:** वायरल व्हाट्सएप मैसेज आडवाणी के लिए एक संकेत है हेडलाइन्स को देखें और तदनुसार अपने अतीत को वर्तमान के साथ ढाल लें. उनका लेख, अनजाने में ही सही, लेकिन एक बड़ा सवाल उठाता है जिसका जवाब आज उनका कोई भी सहयोगी नहीं देना चाहेगा- अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण में किसने बड़ी भूमिका निभाई – आडवाणी या मोदी? सुप्रीम कोर्ट द्वारा इसके निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने के बाद भाजपा के तत्कालीन अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इसका श्रेय मोदी को देते हुए कहा था यह 'बहुत संतुष्टि की बात÷ है कि राम मंदिर मुद्दा ÷प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के तहत हल हो गया'। उन्होंने कहा, 'जब भी इस देश का इतिहास लिखा जाएगा, केंद्र में भाजपा सरकार का यह कार्यकाल स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा।'

2014 के बाद से हमने कई भाजपा नेताओं को उनकी राम रथ यात्रा के लिए खुले तौर पर आडवाणी की प्रशंसा करते हुए नहीं सुना है, जिन्होंने पार्टी के गठन के एक दशक बाद केंद्र में सरकार बनवाने और 16 साल बाद – पार्टी का पहला प्रधानमंत्री बनने के सक्षम बनाया। क्या आपने पिछले कुछ हफ्तों में किसी बीजेपी नेता को आडवाणी या रथ यात्रा का ज़िक्र करते हुए सुना है? सच तो यह है कि रथयात्रा के आधार तैयार करने और भाजपा को एक शक्तिशाली राजनीतिक ताकत बनाए बिना अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण संभव नहीं हो सकता था. अगर बाबरी मस्जिद अभी भी मौजूद होती तो क्या सुप्रीम कोर्ट मंदिर निर्माण को मंजूरी दे सकता था? ऐसा कहने के बाद अगर भाजपा के लिए मोदी को लोकसभा में स्पष्ट बहुमत नहीं मिलता तो क्या मंदिर का निर्माण हो पाता? अगर, उन्होंने विपक्ष को इतना चूर-चूर नहीं कर दिया होता कि उनका अपने वैचारिक विश्वास पर से भरोसा उठ जाए? चलिए हम मान लेते हैं कि न्यायपालिका स्वतंत्र है और सुप्रीम कोर्ट के राम जन्मभूमि फैसले का एक मजबूत राजनीतिक कार्यपालिका से कोई लेना-देना नहीं था, ना ही इस बात से कि मोदी अब तक की सबसे वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध सरकार की अध्यक्षता कर रहे हैं. न्यायिक फैसले के लिए भाजपा नेताओं द्वारा उन्हें श्रेय दिया जाना कोई आश्चर्य की बात नहीं।

हालांकि, तथ्य यह है कि मोदी ने ऐसा सामाजिक और राजनीतिक माहौल तैयार किया जिसमें राम मंदिर के फैसले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई, क्योंकि मुसलमानों के एक वर्ग ने इसे सारे विवाद को खत्म करने की दिशा में एक पहल की तरफ देखा और दूसरे वर्गों को इसका विरोध करने का कोई मतलब नहीं दिखा।राम मंदिर निर्माण में ज्यादा योगदान मोदी का था या आडवाणी का, इसका कोई आसान जवाब नहीं है. ये भक्तों की श्रद्धा है, चाहे वे इसे आडवाणी के जल्द ही प्रकाशित होने वाले लेख में पाएं या व्हाट्सएप मैसेज की हेडलाइन्स में।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

### गुरु गोविन्द सिंह जयंती विशेष

# गुरु गोविन्द सिंह हिन्दू जीवन-दर्शन के पुरोधा

ललित गर्ग

भारतीय जीवन मूल्यों की रक्षा और समाज को नए सिरे से संगठित एवं सशक्त करने वाले एक महापुरुष हैं गुरु गोविन्द सिंह। उनकी महान् तपस्वी, महान् कवि, महान् योद्धा, महान् संत सिपाही साहिब आदि स्वरूपों में पहचान होती है। वे सिर्फ सिखों के नहीं संपूर्ण भारतीय समाज के आस्था के केंद्र हैं, उनके जीवन से हमें राष्ट्रप्रेम और मानवतावादी धर्म की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने 1699 में बैसाखी के दिन पंच प्यारों को अमृतपान कराकर खालसा पंथ की स्थापना की और खुद भी उनके हाथ से अमृत पान किया। उन्होंने खालसा पंथ के अनुयायियों को पंच ककार केश, कड़ा, कंघा, कृपाण, कच्छा धारण करने का निर्देश दिया। ये शौर्य, शुचिता तथा अन्याय के विरुद्ध संघर्ष के संकल्प के प्रतीक हैं। श्रीराम मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक अवसर पर उनका पावन स्मरण नयी ऊर्जा का द्योतक हैं।

गुरु गोबिंद सिंह का व्यक्तित्व अलौकिक, साहसी एवं भारतीयता से ओतप्रोत था। उन्होंने आनंदपुर का सुख, माता पिता की छांव और बच्चों का मोह छो?कर धर्म रक्षा का मार्ग चुना। उन्होंने दमन, अन्याय, अधर्म के खिलाफ लड़ाई लड़ी। गुरु तेग बहादुर के बलिदान के बाद 11 नवंबर 1675 को नौ साल की उम्र में गुरु गोबिंद सिंह सिखों के दसवें गुरु बने। ये कई भाषाओं के जानकार थे, उन्होंने दशम ग्रंथ समेत कई ग्रंथों की भी रचना की थी। उन्होंने लोगों को सीख दी कि युद्ध सैनिकों की संख्या से नहीं जीते जाते, बल्कि हौसले और इच्छाशक्ति से जीते जाते हैं। उनके अनुसार जो उसूलों के लिए लड़ता है, वो धर्म योद्धा होता है।

दुनिया में देश व धर्म की रक्षार्थ अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महापुरुष तो अनेक मिलेंगे किन्तु अपनी तीन पीढ़ियों, बल्कि यों कहें कि अपने पूरे वंश को इस पुनीत कार्य हेतु बलिदान करने वाले विश्व में शायद एकमेव महापुरुष गुरु गोविन्द सिंहजी ही है। जिन्होंने त्याग, बलिदान एवं कर्तृत्ववाद का संदेश दिया। भाग्य की रेखाएं स्वयं निर्मित की। स्वयं की अनन्त शक्तियों पर भरोसा और आस्था जागृत की। सभ्यता और संस्कृति के प्रतीकपुरुष के रूप में जिन्होंने एक नया जीवन-दर्शन दिया, जीने की कला सिखलाई। जिनको बहुत ही श्रद्धा व प्यार से कलगीयां, सरबंस दानी, नीले वाला, बाला प्रीतम, दशमेश पिता आदि नामों से पुकारा जाता है। भारत में फैली दहशत, डर और जनता का हारा हुआ मनोबल देखकर उन्होंने कहा ''मैं एक ऐसे पंथ का सृजन करूँगा जो सारे विश्व में विलक्षण होगा। जिससे मेरे शिष्य संसार के असंख्य लोगों में पहली ही नजर में पहचाने जा सकेंगे। जैसे हिरनों के झुंड में शेर और बगुलों के झुंड में हंस। वह केवल बाहर से अलग न दिखे बल्कि आंतरिक रूप में भी ऊँचे, साहसी और सच्चे विचारों वाले हो।

सारे जगत में खालसा पंथ की गूंज करने वाले, हिन्दू धर्म के रक्षक-उद्धारक, मुगलों के अत्याचारों से मुक्ति दिलाने वाले श्री गुरु गोविन्द सिंहजी का जन्म संवत् 1723 विक्रम की पौष सुदी सप्तमी को हुआ। उनके पिता गुरु तेगबहादुर उस समय अपनी पत्नी गुजरी तथा कुछ शिष्यों के साथ पूर्वी भारत की यात्रा पर थे। अपनी गर्भवती पत्नी और कुछ शिष्यों को पटना छोड़कर वे असम रवाना हो गये थे। वहीं उन्हें पुत्र प्राप्ति का शुभ समाचार मिला। बालक गोविन्द सिंह के जीवन के प्रारंभिक 6 वर्ष पटना में ही बीते। अपने पिता के बलिदान के समय गुरु गोविन्द सिंह की आयु मात्र 9 वर्ष की थी। इतने कम उम्र में गुरु पद पर आसीन



होकर उन्होंने गुरु पद को अपने व्यक्तित्व व कृतित्व से और भी गौरवान्वित किया। अपने नाम के तीनों शब्द 'गुरु', 'गोविन्द' एवं 'सिंह' को शब्दशः चरितार्थ कर देश, धर्म, संस्कृति, इतिहास एवं स्वाभिमान की रक्षार्थ ज्ञान के भण्डार के रूप में एक श्रेष्ठ गुरु, ईश्वर की राह के पथ प्रदर्शक तथा सिंह गर्जना के साथ शत्रुओं के छक्के छुड़ा देने वाले गुरु गोविन्द सिंहजी यदि नहीं होते तो मुगलों के अत्याचार के विवश समस्त हिन्दू समाज इस्लाम धर्म स्वीकार कर अपनी संस्कृति, स्वधर्म, स्वराज एवं स्वाभिमान को सदा के लिये तिलांजलि दे चुका होता।

श्री गुरु गोविन्द सिंहजी शासक होकर भी उनकी नजर में सत्ता से ऊंचा स्वराष्ट्र, स्व-अस्तित्व, समाज एवं मानवता का हित सर्वोपरि था। यूं लगता है वे हिन्दू जीवन-दर्शन के पुरोधा बन कर आए थे। उनका अथ से इति तक का पुरा सफर हिन्दू धर्म की रक्षा, पुरुषार्थ एवं शौर्य की प्रेरणा है। वे सम्राट भी थे और संन्यासी भी। आज उनका सम्पूर्ण व्यक्तित्व और कर्तृत्व सिख इतिहास का एक अमिट आलेख बन चुका है। उन्हें हम तमस से ज्योति की ओर एक यात्रा एवं मानवता के अभ्युदय के सूर्योदय के रूप में देखते हैं। वे बचपन से ही बहुत पराक्रमी व प्रसन्नचित व्यक्तित्व के धनी थे। वे एक कुशल संगठक थे। दूर-दूर तक फैले हुए सिख समुदाय को 'हुक्मनामे' भेजकर, उनसे धन और अस्त्र-शस्त्र का संग्रह उन्होंने किया था। एक छोटी-सी सेना एकत्र की और युद्ध नीति में उन्हें कुशल बनाया। गुरु गोविन्द सिंहजी ने सुदूर प्रदेशों से आये कवियों को अपने यहाँ आश्रय दिया। यद्यपि उन्हें बचपन में अपने पिता श्री गुरु तेगबहादुरजी से दूर ही रहना पड़ा था, तथापि तेगबहादुरजी ने उनकी शिक्षा का सुव्यवस्थित प्रबंध किया था। साहेबचंद खत्रीजी से उन्होंने संस्कृत एवं हिन्दी भाषा सीखी और काजी पीर मुहम्मदजी से उन्होंने फारसी भाषा की शिक्षा ली। कश्मीरी पंडित कृपारामजी ने उन्हें संस्कृत भाषा तथा गुरुमुखी लिपि में लेखन, इतिहास आदि विषयों के ज्ञान के साथ उन्हें तलवार, बंदूक तथा अन्य शस्त्र चलाने व घु?सवारी की भी शिक्षा दी थी। वे चित्रकला में पारंगत थे। सिराद-एक प्रकार का तंतुवाद्य, मृदंग और छोटा तबला बजाने में वे अत्यंत कुशल थे। इस तरह गुरु गोविन्द सिंह कला, संगीत, संस्कृति एवं साहित्यप्रेमी थे। जैसाकि खुद गुरु गोबिंद सिंह ने कहा था, कि जब-जब अत्याचार बढ़ता है, तब-तब भगवान मानव देह का धारण कर पीड़ितों व शोषितों के दुख हरने के लिए आते हैं। औरंगजेब के अत्याचार चरम सीमा पर थे। दिल्ली का शासक हिन्दू धर्म तथा संस्कृति को समाप्त कर देना चाहता था। हिन्दुओं पर जजिया कर लगाया गया, साथ ही हिन्दुओं को शस्त्र धारण करने पर भी प्रतिबन्ध लगाया गया था। ऐसे समय में कश्मीर प्रांत से पाँच सौ ब्राह्मणों का एक जत्था गुरु तेगबहादुरजी के पास पहुँचा। पंडित कृपाराम इस दल के मुखिया थे। कश्मीर में हिन्दुओं पर जो अत्याचार हो रहे थे, उनसे मुक्ति पाने के लिए वे गुरुजी की सहानुभूति व मार्गदर्शन प्राप्ति के उद्देश्य से आये थे। गुरु तेगबहादुर उन दुःखीजनों की समस्या सुन चिंतित हुए। बालक गोविन्द ने सहज एवं साहस भाव से इस्लाम धर्म स्वीकार न करने की बात कही। बालक के इन निर्भीक व स्पष्ट वचनों को सुनकर गुरु तेगबहादुर का हृदय गद्गद् हो गया। उन्हें इस समस्या का समाधान मिल गया। उन्होंने कश्मीरी पंडितों से कहा- ''आप औरंगजेब को संदेश भिजवा दें कि यदि गुरु तेगबहादुर इस्लाम स्वीकार लेंगे, तो हम सभी इस्लाम स्वीकार कर लेंगे÷ और फिर दिल्ली में गुरुजी का अमर बलिदान हुआ जो हिन्दू धर्म की रक्षा के महान अध्याय के रूप में भारतीय इतिहास में अंकित हो गया। इनके पिता श्री गुरु तेग बहादुरजी ने तथा इन्होंने मुगल शासकों के विरुद्ध काफी युद्ध लड़े थे।

गुरु गोविन्द सिंहजी का जीवन एक कर्मवीर की तरह था। भगवान श्रीकृष्ण की तरह उन्होंने भी समय को अच्छी तरह परखा और तदनुसार कार्य आरम्भ किया। उनकी प्रमुख शिक्षाओं में ब्रह्मचर्य, नशामुक्त जीवन, युद्ध-विद्या, सदा शस्त्र पास रखने और हिम्मत न हारने की शिक्षाएँ मुख्य हैं। उनकी इच्छा थी कि प्रत्येक भारतवासी सिंह की तरह एक प्रबल प्रतापी जाति में परिणत हो जाये और भारत का उद्धार करें। गुरु गोविन्द सिंह जैसे महापुरुष इस धरती पर आये जिन्होंने सबको बदल देने का दंभ तो नहीं भरा पर अपने जीवन के साहस एवं शौर्य से डर एवं दहशत की जिन्दगी को विराम दिया। उनके कारण ही हिन्दू अपने अस्तित्व एवं अस्मिता को कायम रख पाये।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

# पर्यटन स्थलों पर महिलाओं को प्रशिक्षण देकर किया जा रहा आत्मनिर्भर




**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नर्मदापुरम जिले में मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड के द्वारा संचालित महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के अंतर्गत जिला प्रशासन के सहयोग से इंडियन ग्रामीण सर्विसेज के द्वारा पिपरिया में सेल्स एसोसिएट प्रशिक्षण 20 महिलाओं को निशुल्क दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के शुभारंभ में जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के परियोजना प्रबंधक मनोज सिंह ठाकुर उपस्थित रहकर प्रशिक्षुओं का उत्साह वर्धन किया गया साथ ही सभी प्रशिक्षुओं से चर्चा भी की । इंडियन ग्रामीण सर्विसेज के अर्चना दास के द्वारा बताया गया कि इस परियोजना नवंबर 2021 से पचमढ़ी संकुल में चलाई जा रही है जिसमें पर्यटन स्थल पचमढ़ी, मढई एवं तवा में महिलाओं को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। महिलाएं प्रशिक्षण लेकर मड़ई में जिप्सी चलाने के साथ ही तवा में गाइड एवं पचमढ़ी में विभिन्न होटल में हाउसकीपिंग रिसेप्शनिस्ट वेटर का काम भी कर रही हैं। महिला पर्यटक जब इन पर्यटन स्थल पर पहुंचते हैं तो पर्यटन स्थल में महिला सेवा प्रदाता को देखकर अपने आप को सुरक्षित महसूस करते हैं। जोकी परियोजना का मुख्य उद्देश्य है।इस उद्देश्य के साथ 50 पर्यटन स्थल में यह परियोजना चलाई जा रही है, सेल्स एसोसिएट के प्रशिक्षण लेकर 20 महिलाएं पिपरिया के माल एवं बड़े-बड़े दुकान में रोजगार कर पाएंगे। ऐसे ही प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलायें आत्मनिर्भर बन रही है और परिवार और समाज मे अपना सम्मान भी हासिल कर रही हैं।

## जनप्रतिनिधियों, धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के साथ प्रशासन ने ली बैठक

# हर घर जलेंगे दीप, राम कीर्तन, कलश यात्रा प्रभात फेरी, होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

### जिले में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के होंगे कार्यक्रम मंदिरों में की जाएगी साफ सफाई, साज सज्जा और लाइटिंग

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तारतम्य में जिले में 16 जनवरी से 22 जनवरी तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। आयोजित गतिविधियों की रूपरेखा तैयार किए जाने के संबंध में कलेक्ट्रेट कार्यालय नर्मदापुरम में जनप्रतिनिधियों, धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के साथ जिला प्रशासन की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में विधायक नर्मदापुरम डॉ सीतासरन शर्मा, विधायक सोहागपुर विजयपाल सिंह, विधायक पिपरिया ठाकुर दास नागवंशी, विधायक सिवनीमालवा श्री प्रेम शंकर वर्मा, माधवदास अग्रवाल, पीयूष शर्मा, आचार्य गोपाल प्रसाद खड्डुर तथा कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना, पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह, जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह, सहित सभी नगर पालिका अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष एवं विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं धार्मिक संगठनों से प्राप्त सुझाव के आधार पर निर्णय लिया गया कि समन्वित प्रयासों से जिले में 16 जनवरी से 22 जनवरी तक प्रमुख मंदिरों में साफ सफाई, साज सज्जा के साथ भजनसंध्या रामलीला, रामकीर्तन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सभी ग्राम पंचायतों में टीवी के माध्यम तथा नगरीय क्षेत्रों के मुख्य



कार्यक्रम में एलईडी के माध्यम से अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया जाएगा। विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित की जाएगी। आवेदनकर्ताओं को पटाखा लाइसेंस भी जारी किए जाएंगे। इस दौरान नगरीय क्षेत्र में लगने वाली पटाखा एवं पूजन सामग्री की दुकानों से कर वसूला नहीं जाएगा। स्कूलों और कॉलेज में निबंध, पेंटिंग, क्विज आदि प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके अतिरिक्त अनुविभाग स्तर पर भी एसडीएम द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

कलेक्टर सुश्री मीना ने सभी धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों तथा जिले के नागरिकों से आग्रह किया कि आयोजित गतिविधियों में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाएं। हर व्यक्ति को आयोजित गतिविधियों से जोड़ा जाए। बैठक में कलेक्टर सुश्री मीना ने जानकारी देते हुए बताया कि 16 जनवरी से 22 जनवरी, 2024 तक प्रत्येक मंदिर में जन सहयोग से राम कीर्तन आदि का आयोजन होगा। जिले के समस्त मंदिरों में दीप प्रज्जवलित किए जायेंगे। हर घर में दीपोत्सव के लिए आमजन को जागृत कर प्रभात फेरिया एवं कलश यात्राएं निकाली जाएगी। जिले के नगरों तथा ग्रामों में राममण्डलियों को स्थानीय कार्यक्रम मोहल्लों तथा ग्रामों में आयोजित किए जाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

जिले के मुख्य मंदिरों में टी0व्ही0 स्कीन लगाकर अयोध्या के मुख्य कार्यकम का सजीव प्रसारण किया जाए। मंदिरों में आयोजनों में आमजनों की सहभागिता के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएगी। विभिन्न धर्मगुरूओं से समन्वय कर प्रमुख मंदिरों में ट्रस्ट/समिति के द्वारा भण्डारों का भी आयोजन किया जाएगा।जिले के प्रमुख मंदिरों में साफ-सफाई, रोशनी, दीप प्रज्जवलन आदि के साथ ही भगवान श्रीराम जानकी आधारित सांस्कृतिक आयोजन मंदिर के ट्रस्ट / समिति के माध्यम से आमजन के लिए आयोजित किए जाएगा।

## वीर गाथा प्रोजेक्ट में दो छात्राओ का हुआ चयन

# एक छात्रा नर्मदापुरम से तो दूसरी सिवनी मालवा के शिवपुर से

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देश अनुसार प्रत्येक शासकीय, अशासकीय, प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल को 15 सितंबर 2023 तक वीर गाथा से संबंधित ऑनलाइन पोर्टल पर प्रविष्टि करनी थी।



समस्त विद्यालयों द्वारा पोर्टल पर प्रविष्टि की गई राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा वीर गाथा प्रोजेक्ट 3.0 के अंतर्गत राज्य स्तरीय मूल्यांकन उपरांत सुपर 8 विजेताओं की घोषणा अपर मिशन संचालक राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा की गई है। राज्य स्तरीय मूल्यांकन में निर्धारित कोटा अंतर्गत 8 प्रोजेक्ट प्रत्येक श्रेणी से दो का चयन करते हुए नर्मदा पुरम जिले की दो छात्राओ का चयन जिसमें कु0 अनुश्री सोनी कक्षा 8 सेमी रिटर्न अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्मदा पुरम का पैराग्राफ विधा में, दीपिका बकोरिया कक्षा दसवीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिवपुर विकासखंड सिवनी मालवा का चयन पैराग्राफ विधा में हुआ है। दोनों विजेता छात्राओ को सम्मान एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा श्रीमती भावना दुबे संयुक्त संचालक लोक शिक्षण नर्मदा पुरम संभाग, निर्मल केलिव उपसंचालक लोक शिक्षण,एसपी सिंह विसेन जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम राजेश गुप्ता एडीपीसी समग्र शिक्षा अभियान, विनोद तिवारी एपीसी समग्र शिक्षा अभियान, श्रीमती साधना बिल्थरिया प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्मदा पुरम, श्रीमती प्रिया दुबे नोडल अधिकारी, अजय तिवारी प्रभारी प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिवपुर ने बधाई दी।

## ट्रैक्टर ट्रालियों जप्त



**सिवनी मालवा।** नर्मदा नदी के बाबरी घाट से रेत का अवैध उत्खनन करते हुए दो ट्रैक्टर ट्रालियों को पुलिस ने पकड़ा जिसमें एक ट्रैक्टर ट्राली खाली थी दूसरे में रेत भरी हुई थी भरे हुए ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस ने सिवनी मालवा थाने में लाकर खड़ा किया।

# विधायक डॉ.चौधरी ने पग्नेश्वर स्थित मंदिर में साफ-सफाई कर की स्वच्छता सेवा

**रायसेन।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आवाह्न पर सोमवार को सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा ग्राम पग्नेश्वर में स्थित मंदिर में स्वच्छता सेवा की गई। उन्होंने मंदिर में भजन-कीर्तन किया और बेतवा नदी में दीपदान भी किया।



विधायक डॉ चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रव्यापी आव्हान पर आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व देश के प्रत्येक धार्मिक स्थल पर और आसपास स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। सभी नागरिक धार्मिक स्थलों पर साफ-सफाई कर इस अभियान में सहभागी बनें। धार्मिक स्थल हमारी आस्था के केन्द्र हैं और उन्हें स्वच्छ और सुंदर रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। विधायक डॉ चौधरी के साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों, एसडीएम श्री मुकेश सिंह तथा नागरिकों द्वारा भी मंदिर में साफ-सफाई कर स्वच्छता सेवा की गई। ग्राम पग्नेश्वर के साथ ही सम्पूर्ण जिले में स्थित विभिन्न धार्मिक स्थलों पर जनप्रतिनिधियों, समाजसेवा संगठनों और नागरिकों द्वारा साफ-सफाई की जा रही है।

# श्रीरामचरित लीला समारोह 19 से 21 जनवरी तक सेठानी घाट पर होगा आयोजित




**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

22 जनवरी को श्रीराम मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा पूर्व श्रीरामकथा के विशिष्ट चरित्रों पर आधारित श्रीरामचरित लीला समारोह का आयोजन जिले के सेठानी घाट पर 19 से 21 जनवरी तक सायं 6 बजे से किया जायेगा। यह कार्यक्रम संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित होगा। कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना ने जिला पंचायत और नगरपालिका को कार्यक्रम की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएं। उन्होंने कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त करने के भी निर्देश दिए हैं।

श्री रामचरित लीला समारोह में पहले दिन 19 जनवरी की श्री हनुमान लीला का आयोजन किया जाएगा। जिसके निर्देशन भोपाल के चंद्रमाधव बारीक करेंगे। दूसरे दिन 20 जनवरी को जबलपुर के संजीव गर्ग के निर्देशन में भक्तिमति शबरी लीला और 21 जनवरी को बैतूल के राकेश वरकड़े के निर्देशन में निषादराज गुहा लीला का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में संगीत संयोजन मिलिंद त्रिवेदी और किशन रॉय तथा आलेख योगेश त्रिपाठी का रहेगा।

# बाइक को पीछे से कार ने मारी टक्कर, पूर्व पार्षद संगीता राठौर की मौत

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

रविवार की शाम को नए बस स्टैंड के पास एक निजी अस्पताल में अपनी पत्नी और पूर्व पार्षद संगीता राठौर का इलाज करके घर ले जा रहे चमन राठौड़ की गाड़ी का कुछ ही दूरी पर लोहिया पुल की शराब दुकान के सामने एक सफेद कलर की कार ने पीछे से मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।जिससे पति-पत्नी जमीन पर गिर गए। संगीता को कमर में गहरी चोट आ गई और पति चमन राठौर को हल्की खरोच लगी। इस बीच पास की दुकानदारों ने सफेद कलर की कार को रोकने की कोशिश भी करी लेकिन वह अंधाधुन गति से भाग गया। संगीता को तुरंत भोपाल में भर्ती करवाया। जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। मंगलवार के दिन उनका स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया।



संगीता राठौर की तीन पुत्रियां हैं। सबसे छोटी बेटी डिंपल राठौर ने मां को मुखाग्नि दी। अन्तिम यात्रा में सैकड़ों लोग ने पहुंचकर नम आंखों से संगीता राठौर को अंतिम विदाई दी।

### नगर के बंद पड़े सीसीटीवी कैमरे

सिवनी मालवा नगर में पूर्व परिषद द्वारा हर चौक चौराहे पर सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे लेकिन बरसों से यह कैमरे बंद पड़े हुए हैं। जिसके कारण नगर में कोई भी घटना और दुर्घटना होती है तो उसकी जानकारी निकालने के लिए पुलिस को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इस पूरी घटनाक्रम पर जब हमने सिवनी मालवा थाना प्रभारी सज्जन सिंह मुकाती से बात करी तो उन्होंने बताया कि हम आसपास के सीसीटीवी कैमरे की जांच कर रहे हैं एक्सीडेंट में जो कार नजर आ रही है उसकी भी हमारे द्वारा बारीकी से निरीक्षण किया जा रहा है शीघ्र ही हम एक्सीडेंट कर भाग गई कार तक पहुंच जाएंगे।

**मेट्रो एंकर** जनप्रतिनिधियों ने प्रचार रथों का तिलक लगाकर स्वागत किया

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में हितग्राहियों को वितरित किए गए योजनाओं के हितलाभ




**रायसेन, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश के साथ ही रायसेन जिले में भी प्रतिदिन ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंच रही है। जिले में मंगलवार को सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा सांची विकासखण्ड की ग्राम पंचायत वनगवां तथा बिरहौली में, उदयपुरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत तिखावन तथा नूरनगर में, सिलवानी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पाथापौडी तथा धनगवां में, बाड़ी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बाग पिपरिया तथा उटियाकलां में, औबेदुल्लागंज विकासखण्ड की ग्राम पंचायत डुंगरिया तथा सलकनी में और बेगमगंज विकासखण्ड की ग्राम पंचायत रतनहरि और सुनेति में पहुंची। विकसित भारत संकल्प यात्रा के ग्राम पंचायतों में पहुंचने पर शिविर आयोजित किए गए। शिविरों के प्रारंभ में जनप्रतिनिधियों द्वारा आईईसी वैन (प्रचार रथों) का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इसके उपरांत शिविरों में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

स्वास्थ्य विभाग तथा आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार किया गया। कार्यक्रम स्थल पर ग्रामीणों के आधार कार्ड अपग्रेड करने का कार्य भी किया गया। खाद्य विभाग द्वारा उज्जवला योजना के नए पंजीयन, पशुपालक, मछुआरे के क्रेडिट कार्ड के लिए नए आवेदन लिए गए। कृषि विभाग द्वारा केसीसी उन्नत कृषि यंत्र, पीएचई विभाग नल जल योजना, राजस्व विभाग द्वारा पीएम किसान निधि एवं स्वामित्व योजना के साथ अन्य योजनाओं का लाभ दिया गया। इसके अतिरिक्त कृषि विभाग द्वारा किसानों के समक्ष ड्रोन के माध्यम से खेतों में उर्वरकों के छिड़काव का भी प्रदर्शन किया गया।



### विकसित भारत संकल्प यात्रा: स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदार नहीं दे पाए आयुष्मान कार्ड योजना की जानकारी

# नपा ने स्वनिधि योजना में, प्रदेश में किया तीसरा स्थान प्राप्त, अनाथ बेटी को दिया लाभ





सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत नवीन बस स्टैंड पर आयोजित कार्यक्रम में, केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजना से संबंधित अलग-अलग काउंटर लगाए गए थे। जहां पर योजनाओं से संबंधित आवेदन लेने के लिए विभागों के अधिकारी कर्मचारी बैठे हुए थे । यात्रा का उद्देश्य की केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार प्रसार करके पात्र लोगों को लाभान्वित करने के के लिए सभी मिलकर काम करें। विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों के साथ भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने भी सरकार की योजनाओं के बारे में बताया।

स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि नहीं दे पाए आयुष्मान कार्ड की जानकारी - वहीं अजीब हालात भी देखने को मिलेगा स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी देने के लिए मंच पर आए तभी वार्ड 2 के पार्षद प्रतिनिधि सचिन शर्मा ने कहा कि आयुष्मान कार्ड योजना के अंतर्गत कार्ड कैसे बनते उसकी जानकारी देने के लिए कहा तो स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार डॉक्टर कहने लगे कि मुझे इस योजना की जानकारी नहीं है इसके लिए काउंटर पर जाकर जानकारी लेनी होगी इस बात से अंदाज लगा सकता कि इस विभाग में कितनी लापरवाही से कम हो रहा है। तभी तो आयुष्मान कार्ड बनाने की गति धीमी पड़ी हुई जबकि विधायक ने भी पिछले दिनों नाराजगी जाहिर करते हुए एसडीएम को दिशा निर्देश दिए थे। फिर भी परिवर्तन नहीं हो रहा है । वहीं भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने वार्ड क्रमांक दो में रहने वाली अनाथ बेटी को भी शासन की योजना से मंच के माध्यम से लाभान्वित किया। वही नगर पालिका परिषद के द्वारा स्वनिधि योजना के अंतर्गत 328 हितग्राहियों को 20-20 हजार रुपए की सहायता राशि बैंक से बिना ब्याज की उपलब्ध करा कर प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ विभिन्न योजनाओं की जानकारी नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू के द्वारा दी गई। हमारे विधायक क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा चिंतित रहते हैं । पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संतोष चौरे, भाजपा मंडल अध्यक्ष पारस तरण, सचिन शर्मा ने भी शासन की योजनाओं की जानकारी हितग्राहियों को दी।

#### बैंकें कर रही है परेशान -

भाजपा के जन प्रतिनिधियों ने बैंकों के द्वारा उपभोक्ताओं को परेशान करने के आरोप लगाते हुए कहा कि गलत खाता खोल देते इस कारण से हितग्राही शासन की योजना का लाभ पाने के लिए परेशान होता है। इस बात का बैंक मैं खाता खोलने वाले कर्मचारी ध्यान रखें सही खाता खोलें खाता खोलते समय आधार कार्ड का उपयोग करने उसके हिसाब से ही खाता खोलें।

#### खाद आपूर्ति अधिकारी मोबाइल में रहे मस्त

विकसित भारत संकल्प यात्रा में सबसे हितग्राही किसी विभाग के हैं तो वह खाद्य पूर्ति विभाग के हैं पर उनके जिम्मेदार तो यात्रा को लेकर गंभीरता लेते हुए नजर नहीं आ रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कार्यक्रम में खाद्य आपूर्ति अधिकारी पूरे समय मोबाइल में मस्त रहे जहां मंच से जनप्रतिनिधि और विभागों के अधिकारी अपनी अपनी योजना की जानकारी दे रहे थे ।उसी समय खाद्य पूर्ति अधिकारी सिर्फ मोबाइल चलाने में समय निकाल रहे थे इस बात से अंदाज लगया सकता इनको इस यात्रा से कोई मतलब ना हो तभी तो मोबाइल चलना जरूरी समझा।

#### बड़ी स्क्रीन से दिखाई जा रही थी योजनाओं की जानकारी

केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के लिए एक बड़ी स्कीम भी लगी हुई थी उसके माध्यम से योजनाओं की जानकारी प्रसारित की आई थी कौन-कौन सी योजना चलाई जा रही है कितनी योजनाएं कितने हितग्राहियों को अब तक लाभ दिया जा चुका है, उसके बारे में विस्तार से बताया जा रहा था।

#### खाली रही कुर्सियां, जनप्रतिनिधि, अधिकारी दे रहे थे भाषण

मंच के सामने हितग्राहियों को बैठने के लिए जो कुर्सियां लगाई गई थी वह कुर्सियां खाली दिखाई दे रही थी इससे ऐसा लग रहा है कि या तो प्रचार प्रसार नहीं किया गया या फिर सभी को शासन योजनाओं का लाभ मिल गया या फिर कैंपों के माध्यम से जो आवेदन लिए जाते हैं उनका निराकरण नहीं होता है। इस वजह से इनमें आना लोगों ने काम कर दिया है, तभी तो बस स्टैंड पर आयोजित कार्यक्रम की कुर्सी अभी खाली पड़ी हुई थी या फिर क्षेत्रीय विधायक के नहीं आने के कारण लोगों ने भारत विकसित संकल्प यात्रा के तहत हुऐ कार्यक्रम से दूरी बनाकर रखी तभी तो कुर्सियां खाली पड़ी रही। दौरान नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू ,उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ, आदि मौजूद रहे।

#### प्रतिभाओं का किया सम्मान- उज्वला के बांटे चूल्हे

कार्यक्रम के दौरान कजल के क्षेत्र में नेशनल स्तर पर कगेलने वाले खिलाड़ी छात्रों संस्कृति सुमन,शिवम भास्कर, दीक्षा शर्मा, नीतेश कनेरिया, मो.खुर्रम को शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया ।इसी तरह शहरी आजीविका मिशन योजना में कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली हितग्राही महिलाओं को प्रमाण पत्र,आंगनबाड़ी के स्वस्थ बालिकाओं को प्रोत्साहन उपहार, पीएम स्वनिधि योजना के स्वीकृति पत्रक तथा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से हितग्राही को गैस चूल्हा भी वितरित किया गया।

### लटेरी क्षेत्र से प्रतिदिन बड़े पैमाने पर

# लाल मुरम का हो रहा परिवहन खनिज विभाग अधिकारी बेखबर



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

सोमवार को नेशनल हाईवे 752 बी पर लगभग 8 से 10 डंपर लाल मुरम का परिवहन करते नजर आए। यह सारे डंपर ग्राम बलरामपुर पर खड़े थे जब डंपर चालक से पूछा गया तो चालक द्वारा बताया गया यह लाल मुरम लटेरी से परिवहन कर पगरानी की ओर जा रही है। लाल मुरम के परिवहन संबंधी कोई दस्तावेज डंपर चालक के पास नहीं मिले। इससे मामला संदिग्ध नजर आ रहा है। मामले को लेकर जब तहसीलदार जगनप्रसाद से बात की तो उन्होंने जानकारी नहीं होने की बात कहकर मामले से पल्ला झाड़ लिया। तहसीलदार जैसे जिम्मेदार अधिकारी द्वारा इस तरह के जवाब से यह तो स्पष्ट हो रहा है कि लटेरी तहसील में कहीं न कहीं अवैध रूप से लाल मुरम का उत्खनन किया जा रहा है।

#### तीन खदानों की लीज, लेकिन किसी से नहीं उठी मुरम

लटेरी तहसील में खनिज विभाग द्वारा मुरम खदानों की तीन लीज जारी की गई हैं लेकिन प्रशासन का तर्क है कि बलरामपुर से सोमवार को जो ट्रक लाल मुरम लेकर निकले हैं वह इन तीनों खदानों से भरकर नहीं आए हैं इससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह मुरम अवैध रूप से परिवहन की जा रही हैं। गौर करने योग्य बात तो यह है कि पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के नाक के नीचे से चल रहे इस अवैध परिवहन की जानकारी किसी को नहीं है। सरेआम निकल रहे इन डंपरो की चेकिंग की तरफ किसी का ध्यान नहीं जाता। बहरहाल जो भी हो अवैध रूप से हो रहे इस परिवहन से न सिर्फ प्रशासन को लाखों रुपए के राजस्व का चूना लग रहा है साथ ही उन तथाकथित लीजधारी ठेकेदारों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है जो लाखों रुपए का राजस्व प्रशासन के खजाने में जमा कर रहे हैं।

# यातायात पुलिस ने बासौदा नाके पर की चालानी कार्रवाई, वाहन चालक रास्ता बदल कर जाते हुए आए नजर

**सिरोंज।** मंगलवार को यातायात पुलिस के द्वारा बासौदा नाके एवं बायपास मार्ग पर वाहन चेकिंग अभियान चलाकर यातायात विभाग के नियमों का पालन नहीं करने वाले पर चालानी कार्रवाई की। चालानी कार्रवाई की जानकारी लगते ही वाहन दो पहिया चालक दूसरे रास्ते से जाते हुए नजर आए क्योंकि अधिकांश वाहन चालकों के द्वारा अभी भी अपने वाहनों के दस्तावेज गाड़ियों में रखकर चलने का कार्य नहीं किया जा रहा है। हेलमेट का उपयोग भी नहीं करते हैं सीट बेल्ट भी नहीं बनते हैं ।बड़े वाहनों में फिटनेस की कमी भी देखने को मिल रही है ।वहीं यातायात पुलिस के यातायात प्रभारी रितेश बाघेला ने बताया कि चेकिंग के द्वारा हमारे द्वारा दस्तावेज, हेलमेट, बीमा, फिटनेस परमिट, यात्री बसों में सुरक्षा उपकरणों की जांच किया जा रही है। जिनके द्वारा नियमों का उल्लंघन किया जाता उनके चालान भी बनाए जा रहे हैं।



# 6 महीने में भी मदन मोहन सरकार के परिसर में नहीं हो पाया निर्माण



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

विधानसभा चुनाव से 3 महीने पहले क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा के द्वारा नगर के प्रसिद्ध मदन मोहन सरकार के दरबार के सामने वाले परिसर में मंदिर समिति तथा मंदिर के पुजारी से बात करके जो निर्माण कार्य वहां पर होना है। उसकी आधारशिला रखते हुए भूमि पूजन किया था पर 6 महीने से अधिक का समय भी जाने के बाद भी वहां पर कोई निर्माण कार्य नहीं हुआ है जो पेपर ब्लॉक लगे हुए में गंदगी भरी होने के कारण मंदिर आने जाने में प्रतिदिन गंदगी के कारण श्रद्धालु को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पैदल चलने में भी कीचड़ लग जाती है इस वजह से कई बार श्रद्धालुओं के कपड़े खराब हो जाते हैं इसकी जानकारी होने के बाद भी संबंध ठेकेदार से निर्माण कार्य नहीं करवाया जा रहा है। नगर पालिका परिषद के द्वारा यहां पर निर्माण कार्य को क्यों नहीं करवाया जा रहा । वहीं विधायक उमाकांत शर्मा के द्वारा लगातार निर्माण कार्यों को तेज गति से करवाने के निर्देश दिए जा रहे हैं लापरवाही से काम करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट करने की बाद भी कई जा रही है। पर उनके निर्देश भी धरातल पर लागू होते दिखाई नहीं दे रहा है।

ठेकेदारों के द्वारा टेंडर लेकर निर्माण कार्यों को समय सीमा के अंदर पूर्ण नहीं किया जाता है कई निर्माण कार्य तो समय सीमा भी जाने के बाद ही प्रारंभ नहीं हुए हैं। विधानसभा चुनाव से पहले हुए भूमि पूजन वाले निर्माण कार्य भी अभी अधूरे पड़े हुए यदि सभी निर्माण कार्य हो जाए तो शहर वासियों को कई परेशानियों से मुक्ति में सकती है। अब देखना है कि यह निर्माण कार्य कितने जल्दी पूर्ण होंगे या इसी तरह आधार में लटके रहेंगे।जब विधायक के निर्देशों के बाद भी लापरवाही से काम करने वाले ठेकेदारों पर प्रशासन के जिम्मेदारी अधिकारियों के द्वारा समय रहते कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं ।

#### इनका कहना है -

*पेपर ब्लॉको में गंदगी भरी रहती है श्रद्धालुओं को आने-जाने में परेशानी होती है कई बार गंदगी से हमारे कपड़े भी खराब हो जाते हैं जल्दी यहां पर निर्माण कार्य होना चाहिए।*

***रोहित यादव** श्रद्धालु।*

*जल्दी मदन मोहन सरकार मंदिर परिसर में निर्माण कार्य करवा दिया उसके लिए हम लगातार प्रयास कर रहे हैं कौन सा पत्थर लगवाना उसके सैंपल भी मंदिर के पुजारी को उपलब्ध करा दिए हैं।*

***राम प्रकाश साहू,** नगर पालिका सीएमओ सिरोंज*

# वाहन चालकों की मनमर्जी से आवागमन बाधित जिम्मेदार बने मूक दर्शक





**सिरोंज।** सिरोंज में आवागमन में परेशानी ना हो इसके लिए स्थानीय प्रशासन एक्शन के मूड में तो दिखाई दे रहा है जगह-जगह अवैध कब्जाधारियों पर बुलडोजर की कार्यवाही की जा रही है लेकिन सिरोंज के मुख्य बाजार से प्रशासन अभी गफलत में है जहां खड़े अव्यवस्थित वाहनों से आवागमन में खासी परेशानी का सामना आम जनता को करना पड़ रहा है वहीं वाहन चालकों की इस मनमर्जी से ट्रैफिक पुलिस भी जानकर अनजान बनी हुई है ट्रैफिक पुलिस जहां एक और चौक चौराहाओं पर चालानी कार्रवाई करते तो दिखाई देती है लेकिन सबसे व्यस्त माने जाने वाला सिरोंज का मुख्य बाजार से ट्रैफिक पुलिस हमेशा नदारत ही रहती है जिसका खामियाजा यहां पर राहगीरों को भुगतना पड़ता है हालांकि पूर्व में प्रशासन द्वारा इस और कई बार विचार विमर्श भी किया लेकिन स्थिति को प्रशासन अभी तक सुधार नहीं पाया सिरोंज के मुख्य बाजार में मुख्ता बेतरतीब खड़े दो पहिया वाहन और ठेला चालकों से अधिक परेशानी होती है।

**मेट्रो एंकर** | स्वच्छता अभियान पर शासन द्वारा किए जा रहे लाखों खर्च

# ग्राम पंचायत नेनवास कला में चरमराई सफाई व्यवस्था, सड़कों पर गंदगी का लगा अंबार







सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

जनपद पंचायत लटेरी की ग्राम पंचायत में स्वच्छता के नाम पर टैक्स वसूला जा रहा है किसी से 300तो किसी से 500 पर मौके पर हालात देखिए गंदगी ही गंदगी नजर आएगी स्वच्छ भारत के लिए पुरस्थाय कर ने वाले नार तो जोर-जोर से लगाए जा रहे हैं के गंदगी को दूर भगाओ स्वच्छ भारत बनाओ स्वच्छ रहोगे स्वस्थ रहोगे शौचालय रखो सब नहीं लाओगे बीमारियां साथ नदियों को रखो साफ यह है हमारी स्वच्छता की पहचान लेकिन यह पहचान लटेरी की विकासखंड की ग्राम पंचायत नेनवास कला में कहीं नहीं होती नजर आ रही है आखिर क्यों क्या बात है जब स्वच्छताअभियान की शुरुआत हुई थी तब पीएम की एक आवाज पर देश का हर नागरिक ने झाड़ू उठा ली थी सफाई अभियान में सहयोग करने के लिए ग्राम पंचायत नेनवास कला पवित्र स्थान मंदिर सामने ही भारी गंदगी का अंबार नालियों का गंदा पानी रोड पर बह रहा है सरपंच सचिव कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं ग्रामीण परेशान है गंभीर बीमारी फैलने का अंदेशा रहता है पंचायत नेनवास कला के ग्राम वासियों ने बताया कि हमारे क्षेत्र मैं नालियों की बहुत पुरानी समस्याएं कहीं जगह नाली बनी नहीं है कहीं बनाई गई जिसका गंदा पानी सार्वजनिक रोड पर बहता रहता है जिससे गंभीर बीमारियों का अंदेशा बना हुआ है सुबह शाम गंदे पानी में से लोगों को मंदिर के लिए निकलना पड़ता है स्थानीय ग्राम वासियों ने बताया स्वच्छता अभियान पर शासन द्वारा लाखों रुपए खर्च कर रही है और हमारी पंचायत ग्राम क्षेत्र में गंदगी से जूझ रहे लोग सरपंच सचिव को कहीं बार शिकायत कर चुके हैं परंतु कोई उच्च अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

#### ग्रामीणों का कहना है

*अगर किसी प्रकार की बीमारियां फैलती है तो शासन की जवाबदारी रहेगी । इस नंबर 7697316464 पर संपर्क करना चाह तो सीईओ साहब ने फोन रिसीव नहीं किया ।*

*भैया जी सरपंच और सचिव की मिली भगत से यही काम नहीं केई विकास कार्यों में भ्रष्टाचार किया जा रहा है।*

***भगवान सिंह गुर्जर**, उप सरपंच*

**Office of the Commandant 25th Battalion SAF, Bhopal**

No.-25ThBn/SAF/QM/216/2024 Dated: 11-01-2024

**Notice Inviting tenders for gvn exereise material**

Bid proposals are invite from reputed manufactures &venders for the supply & installation following gym exercise material for unit gyamnasium operational at 25th Battalion SAF, Bhopal.

| S No. | Name of Item | Approximate amount | Earnest Money Deposit | Cost of Bid Document | Period of Contract |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | Squat rack | 4,95,000/- | 15, 000/- | 1,000/- | 20 Days |
| 02. | Cable cross over | | | | |
| 03. | Plate Loaded Leg press | | | | |
| 04. | Chest Fly | | | | |
| 05 | Seated Preacher Curl | | | | |
| 06 | Lat Pulldown | | | | |
| | | **4,95,000/-** | **15, 000/-** | **1,000/-** | **20 Days** |

1- Interested biders can view the MP Tender Portal on website https://mptenders.gov.in
2- The Bid Document can be downloaded only online from 10:30 AM (time) (date ) 12/01/2024 to 17:00 PM (time) (date) 29/01/2024
3- Bid schedul:-
Last date of bid submission :- 16:00 PM(time) (date) 29/01/2024,
Opening of technical bid & EMD 12:00 AM (time) (date) 30/01/2024,
Opening of financial bid & 12:00 AM (time) (date) 31/01/2024,
4- Amendments to NIT, if any, would be published on website https://mptenders.gov.in/, 01 national, 02 state level newspaper and https://www.mppolice.gov.in.

**COMMANDANT**
**25th Battalion**
**SAF, Bhopal.**

G-22979/23

# पाकिस्तान के खिलाफ 19 विकेट झटकने वाली दीप्ति शर्मा प्लेयर ऑफ द मंथ बनीं

## पैट कमिंस ने मेंस कैटेगरी का अवॉर्ड जीता

**दुबई, एजेंसी**

भारत की दीप्ति शर्मा को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड दिया है। वहीं मेंस क्रिकेटर्स में ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज पैट कमिंस को यह अवॉर्ड दिया गया। आईसीसी ने दिसंबर के टॉप परफॉर्मर्स को यह अवॉर्ड दिया। दीप्ति के साथ अवॉर्ड की रेस में भारत की ही जेमिमा रोड्रिग्ज और जिम्बाब्वे की प्रेशियस मरांज भी थीं। वहीं मेंस कैटेगरी में बांग्लादेश के तैजुल इस्लाम और न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स रेस में थे।

**इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किया था शानदार प्रदर्शन:** दीप्ति ने पिछले महीने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट की दोनों पारियों में 9 विकेट झटके थे। उन्हें पहली पारी में 5 और दूसरी पारी में 4 विकेट मिले थे। इतना ही नहीं उन्होंने बैट से 67 रन भी बनाए थे। इंग्लैंड के बाद दीप्ति ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी टेस्ट में 8 विकेट लिए, उन्होंने बैट से 78 रन भी बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में उन्होंने महज 38 रन देकर 5 विकेट लिए थे। आईसीसीप्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड जीतने के बाद दीप्ति ने कहा, %दिसंबर के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ चुना जाना मेरे लिए सम्मान की बात है। मुझे खुशी है कि पिछले महीने मजबूत टीमों के खिलाफ मैं भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन कर सकी। मैं कड़ी मेहनत करना जारी रखूंगी ताकि भविष्य में मुझे ऐसे और भी पल मिल सकें।

**पैट कमिंस प्लेयर ऑफ द मंथ बनने वाले तीसरे ऑस्ट्रेलियाई:** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड जीता। वह इस अवॉर्ड को जीतने वाले तीसरे ऑस्ट्रेलिया पुरुष बने। उनसे पहले नवंबर में ट्रैविस हेड को यह अवॉर्ड मिला था। वहीं डेविड वॉर्नर ने नवंबर 2021 में इस अवॉर्ड को जीता था। पैट कमिंस ने पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 19 विकेट लिए। दूसरे टेस्ट में तो उन्होंने दोनों पारियों में 5-5 विकेट झटके थे। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड मिला। वहीं तीसरे टेस्ट के बाद उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड भी मिला।




### तीसरा टी-20 आज: भारत ने सीरीज में 2-0 की बना ली है अजेय बढ़त

# अफगानिस्तान के खिलाफ क्लीन स्वीप के इरादे से उतरेगी टीम इंडिया

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारत और अफगानिस्तान के बीच 3 मैचों की टी-20 सीरीज का तीसरा मुकाबला आज बेंगलुरु में खेला जाएगा। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में मुकाबला शाम 7 बजे से शुरू होगा। टॉस शाम 6.30 बजे होगा। भारतीय टीम ने शुरुआती दोनों मुकाबले जीतकर सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। टीम इंडिया ने शुरुआती दोनों टी-20 मैच 6-6 विकेट के अंतर से जीते।

इसी लय को बरकरार रखते हुए टीम इंडिया आखिरी मैच में क्लीन स्वीप के इरादे से उतरेगी। जून में होने वाले वर्ल्ड कप से पहले यह टीम इंडिया का आखिरी टी-20 इंटरनेशनल मुकाबला है। इसके बाद भारत इंग्लैंड से 5 टेस्ट खेलेगा और फिर आईपीएल शुरू हो जाएगा। आईपीएल के मई के तीसरे सप्ताह तक चलने की उम्मीद है। टूर्नामेंट के ठीक बाद एक जून से ही वेस्टइंडीज और अमेरिका में टी-20 वर्ल्ड कप भी शुरू हो जाएगा। बेंगलुरु स्टेडियम की पिच पर बल्लेबाजों की परफॉर्मेंस शानदार रहता है। इसके अलावा यहां तेज गेंदबाजों को भी मदद मिलती है। छोटी बाउंड्री होने के की वजह से बल्लेबाज यहां बड़े-बड़े शॉट लगाते हैं। ऐसे में भारत-अफगानिस्तान के बीच होने वाला मैच हाई-स्कोरिंग हो सकता है। बेंगलुरु में बुधवार को मौसम साफ रहेगा है। आज यहां बारिश की आशंका 1त है। हवा की रफ्तार 9 किलोमीटर प्रति घंटा तक रहेगी।




**पॉसिबल प्लेइंग इलेवन**

**भारत**- रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, शिवम दुबे, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, मुकेश कुमार और अर्शदीप सिंह।

**अफगानिस्तान** - इब्राहिम जादरान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), अजमतुल्लाह ओमरजई, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, करीम जनत, गुलबदीन नाइब, नवीन-उल-हक, फजलहक फारूकी

## भारत को अब तक नहीं हरा सकी है अफगान टीम

अफगानिस्तान की टीम भारत को अब तक किसी भी फॉर्मेट में नहीं हरा सकी है। दोनों के बीच अब तक 12 इंटरनेशनल मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से 10 भारतीय टीम ने जीते हैं। एक-एक मैच टाई और नो रिजल्ट रहे। भारत ने 7 में से 6 टी-20 जीते, जिनमें एक बेनतीजा भी रहा।

### शिवम दुबे टीम के टॉप रन स्कोरर

भारत का इस साल यह तीसरा टी-20 मुकाबला होगा। शिवम दुबे इस सीरीज में टीम इंडिया के टॉप रन स्कोरर हैं, उन्होंने 2 मुकाबलों में 2 फिफ्टी लगाकर 123 रन बनाए हैं। टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट अक्षर पटेल ने लिए, उनके नाम 4 विकेट हैं। 14 महीने बाद टी-20 खेलने उतरे विराट कोहली ने इंदौर में 16 गेंद पर 29 रन बनाए थे। वहीं कप्तान रोहित शर्मा दोनों मैच में फेल रहे, वो अपना फॉर्म वापस चाहेंगे।

## नाइब ने अफगानिस्तान के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए

अफगानिस्तान की कमान इब्राहिम जादरान संभाल रहे हैं। टीम के लिए इस सीरीज में गुलबदीन नाइब ने सबसे ज्यादा रन बनाए। उनके नाम 57 रन हैं। विकेट टेकर में करीम जनत ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए हैं।

टी-20 इंटरनेशनल में 50 विकेट पूरे करने के लिए अक्षर पटेल को एक विकेट की जरूरत है, वो ऐसा करने वाले नौवें भारतीय गेंदबाज बन जाएंगे। वहीं मोहम्मद नबी टी-20 इंटरनेशनल में 2000 रन बनाने से 67 रन दूर हैं। उनसे पहले मोहम्मद शहजाद ही अफगानिस्तान के लिए 2000 टी-20 रन के आंकड़े को पार कर सके हैं। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में कुल 9 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले गए। पहले बैटिंग करने वाली टीम ने 3 और चेज करने वाली टीम ने 5 मैच जीते। एक मैच बेनतीजा भी रहा। यहां का हाईएस्ट टीम स्कोर 202 रन है, जो भारत ने 2017 में इंग्लैंड के खिलाफ बनाया था। वहीं लोवेस्ट स्कोर 127 रन है, जो इंग्लैंड ने 2017 में भारत के खिलाफ बनाया था।

## हार्दिक पंड्या से बेहतर विकल्प रहेंगे शिवम दुबे

*भारत और अफगानिस्तान के बीच चल रही 3 मैच की टी20 सीरीज में अगर भारतीय टीम के लिए कोई सबसे ज्यादा पॉजिटिव चीज हुई है, तो वह है शिवम दुबे। इससे पहले वाइट बॉल क्रिकेट में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में भारतीय टीम पूरी तरह से हार्दिक पंड्या पर डिपेंड थी। लेकिन दुबे ने एक बार फिर खुद को साबित कर हार्दिक पंड्या के लिए चीजें मुश्किल कर दी हैं, क्योंकि अब भारत के पास एक तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर विकल्प भी है। जो हार्दिक को परफॉर्म ना करने पर रिप्लेस भी कर सकता है। अफगानिस्तान सीरीज में अब तक दोनों मैचों में शिवम दुबे ने अर्धशतक ठोके हैं और अपनी गेंदबाजी से भी सबको काफी प्रभावित किया है। तो आइये ऐसे में जानते हैं उन 4 कारणों के बारे में कि क्यों टीम इंडिया के लिए शिवम दुबे हार्दिक पंड्या से एक बेहतर विकल्प हैं। शिवम दुबे ने भारत के लिए डेब्यू तो 2019 में ही कर लिया था। लेकिन अपने खराब प्रदर्शन की वजह से वह ड्रॉप हो गए थे। लेकिन अब एक बार फिर उन्होंने खुद को साबित किया है। इस वक्त दुबे टीम में रहने के लिए कहीं भी खेल सकते हैं। उन्हें बस भारत के लिए क्रिकेट खेलना है। उनको टीम मैनेजमेंट टॉप ऑर्डर में भी बल्लेबाजी करा सकती है। फिनिशर का रोल भी दे सकती है। वह काफी ज्यादा फ्लेक्सिबल हैं।*

### 29वां डीजीआना-आईईएस इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट

# विवेक ने लिए 5 विकेट, पीपुल्स जीता

**भोपाल, एजेंसी**

विवेक साध्य (5 विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत पीपुल्स समाचार ने 29वें डीजीआना-आईईएस इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मुकाबले में जनसंपर्क की टीम को 28 रनों से पराजित किया। वहीं दिन के दूसरे मुकाबले में महाबली वारियर्स ने जनचर्चा को 4 विकेट से हराया। दिन के पहले मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए पीपुल्स की टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 149 रन बनाए। असगर ने 41 और फराज ने 33 रनों की पारी खेली। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी जनसंपर्क की टीम 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 121 रन ही बना पाई। जनसंपर्क की ओर से अजी आर. चाको ने बेहतरीन 51 रनों की पारी खेली, लेकिन टीम को नहीं जीता सके। पीपुल्स समाचार की ओर से विवेक साध्य ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 16 रन देकर 5 विकेट झटके। इसके अलावा महेन्द्र को 2 विकेट मिले। विवेक को मानसरोवर मैन आफ द मैच और चाको को आरएनटीयू वैल्यूवल प्लेयर का अवार्ड दिया गया। पुरस्कार वितरण भोपाल तैराकी संघ के सचिव रामकुमार खिलरानी और मप्र एथलेटिक्स संघ के सीजे जायसन ने किया। वहीं दिन के दूसरे मैच में महाबली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 17.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 146 रन बनाए। नागेन्द्र साहू ने विस्फोटक 45 रनों की पारी खेली। जनचर्चा की ओर से प्रतीक ने 4 विकेट लिए। जवाब में दैनिक जनचर्चा की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 141 रन ही बना पाई। नागेन्द्र को मानसरोवर मैन ऑफ द मैच और प्रतीक को आरएनटीयू वैल्यूवल प्लेयर का अवार्ड दिया गया।






## विजेता टीम पुरस्कृत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** भोपाल में शूटिंग बॉल स्पर्धा के फाइनल मुकाबले में विजेता टीम को नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, साथ में शूटिंग बॉल क्लब के संरक्षक राधेश्याम भार्गव ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर सूर्यवंशी का सम्मान किया गया।



### मेट्रो बाजार

# मारुति सहित महिंद्रा ने थार, स्कॉर्पियो की कीमत बढ़ाई

**नईदिल्ली, एजेंसी**

देश की सबसे बड़ी कार मेकर कंपनी मारुति सुजुकी ने अपने सभी मॉडलों की कारों की कीमतों को बढ़ा दिया है। मैन्युफैक्चिंग कॉस्ट बढ़ने के कारण मारुति ने कीमतों में इजाफा किया है।कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि सभी मॉडलों की एवरेज कीमत में 0.45 फीसदी की बढ़ौतरी की गई है। बढ़ी हुई कीमतों का कैलकुलेशन दिल्ली की एक्स-शोरूम कीमतों पर बेस्ड है। इससे पहले मारुति सुजुकी ने पिछले साल 1 अप्रैल को अपनी सभी गाड़ियों की कीमत को बढ़ाया था। कंपनी एंट्री-लेवल हैचबैक ऑल्टो से लेकर मल्टी-यूटिलिटी व्हीकल इनविक्टो की डाइवर्स रेंज बेचती है। इन व्हीकल्स की कीमत 3.54 लाख से शुरू होकर 28.52 लाख तक जाती है। सभी कीमतें दिल्ली एक्स शोरूम की हैं।



इसके साथ ही महिंद्रा ने थार, स्कॉर्पियो एन, स्कॉर्पियो क्लासिक की भी कीमतों में बढ़ोतरी की है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल एसोसिएशन यानी की रिपोर्ट के अनुसार, दिसंबर में मारुति सुजुकी इंडिया ने सबसे ज्यादा 1,18,295 लाख कारें बेची हैं। इस महीने पैसेंजर व्हीकल्स कैटेगरी में कंपनी का मार्केट शेयर 40.37 फीसदी रहा है। एक साल पहले दिसंबर में कंपनी ने 1,18,194 लाख कारें बेची थीं, तब उसका मार्केट शेयर 41.41 फीसदी रहा था। सुजुकी आने वाले समय में कंपनी का फोकस ग्रीन एनर्जी पर रहेगा। इसके तहत अब वह अपनी कारों को गाय के गोबर से बने बायो गैस पर चलाने की तैयार कर रही है। टोयोटा-सुजुकी साझेदारी के तहत 6 इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाने की योजना बनाई है। 2024 में वह अपनी पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी भारत में लॉन्च कर देगी।

### मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

# एक्ट्रेस रवीना टंडन बोलीं- 'हमारी दोस्ती आज भी है बेहद मजबूत'

90 के दशक की खूबसूरत अदाकारा रवीना टंडन इन दिनों सुर्खियां बटोर रही हैं। जल्द ही रवीना वेब सीरीज 'कर्मा कॉलिंग' में नजर आएंगी। इस सीरीज में वे एक बेहद ताकतवर महिला का किरदार निभाती दिखाई देंगी। पिछले दिनों रवीना ने अपनी आने वाली सीरीज के अलावा 90 के दशक के बारे में भी मीडिया खुलकर बातें कीं। रवीना अपने बेबाक और खुशमिजाज अंदाज के लिए मशहूर हैं। जब भी मीडिया से वे रूबरू होतीं हैं, दिल खोलकर बातें करती हैं। हाल के दिनों में मीडिया से बातें करते हुए, रवीना 90 के दशक को याद करती नजर आई थीं। रवीना बताती हैं, उन दिनों न तो स्मार्टफोन हुआ करता था और न ही आज की तरह लग्जरी वैन थे। हम लोग शूटिंग खत्म करके एक साथ में बैठा करते थे। बातों और गॉस्पिस का सिलसिला चल पड़ता था। उसी दौरान हमें पता चलता था कि किसका किसके साथ अफेयर चल रहा है और कौन अपनी पत्नी से पिटाई खाकर सेट पर आ रहा है। रवीना आगे कहती हैं, मैं आज भी शिल्पा, माधुरी, सोनाली सबसे जुड़ी हुई हूं। हम लोग हमेशा एक-दूसरे का हौसला बढ़ाते रहते हैं। इन दिनों उतना मिलना-जुलना नहीं हो पाता है, लेकिन सोशल मीडिया और फोन के जरिए हम एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। नब्बे के दशक में हुई दोस्तियां आज भी मजबूत हैं। रवीना टंडन आने वाले दिनों में सीरीज कर्मा कॉलिंग में दिखाई देंगी। यह वेब सीरीज डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी। रवीना टंडन इसमें इंद्राणी कोठारी का किरदार निभा रही हैं। ये सीरीज अमेरिका की ऑरिजिनल सीरीज रिवेंज पर आधारित है। रवीना अपनी इस आने वाली वेब सीरीज को लेकर काफी उत्साहित हैं।



# '12वीं फेल' देख विक्रांत और मेधा की फैन हुईं आलिया भट्ट



आलिया भट्ट '12वीं फेल' देखने के बाद खुशी से फूली नहीं समा रही हैं और जमकर तारीफ की। आलिया ने विक्रांत मैसी को शानदार और मेधा शंकर को आईपीएल मनोज की जर्नी की आत्मा बताया। 12वीं फेल थिएटर्स में रिलीज होने के कुछ महीने बाद डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर आई और छा गई। आलिया ने विक्रांत मैसी को शानदार और मेधा शंकर को आईपीएस मनोज की जर्नी की आत्मा बताया। एक्ट्रेस ने हाल ही यह फिल्म ओटीटी पर देखी, और फैन हो गईं। आलिया के मुताबिक, उन्होंने लंबे अरसे में अब जाकर एक खूबसूरत फिल्म देखी है। आलिया ने विक्रांत मैसी और मेधा शंकर की भी तारीफ की। जब से फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई है, तबसे हर कोई इसकी तारीफ करते नहीं थक रहा है। विधु विनोद चोपड़ा की इस फिल्म ने थिएटर्स में कमाल दिखाया था, उससे चार गुना कमाल ओटीटी पर रिलीज होने के बाद दिखा रही है। फिल्म के साथ-साथ विक्रांत मैसी और मेधा शंकर की जबरदस्त तारीफ हो रही है। फिल्म में रियल लाइफ के आईपीएस अफसर मनोज कुमार का किरदार निभाया और मेधा शंकर उनकी पत्नी और अफसर श्रद्धा के रोल में नजर आईं। फिल्म में मनोज कुमार की गरीबी के जाल से निकलकर अफसर बनने के सफर को दिखाया गया। आलिया भट्ट ने फिल्स देखने के बाद इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म का पोस्टर शेयर किया, इसमें उन्होंने बताया कि फिल्म कैसी लगी और उन्होंने कैसा महसूस किया।

# लारा दत्ता को 'रामायण' में कैकेयी के किरदार का ऑफर



पिछले साल 'एनिमल' जैसी सफल फिल्म दे चुके रणबीर कपूर की अगली फिल्म 'रामायण' है। नितेश तिवारी के डायरेक्शन में बनने जा रही इस फिल्म में रणबीर, श्रीराम के रोल में नजर आएंगे। इसमें उनके अपोजिट साउथ की एक्ट्रेस साई पल्लवी सीता के रोल में होंगी। वहीं मेकर्स ने रावण के रोल के लिए 'ऋत्स्त्र' फेम साउथ के सुपरस्टार यश को फाइनल किया है। सुनने में आया है कि मेकर्स ने इस फिल्म की बाकी स्टार कास्ट के लिए बॉलीवुड एक्टर्स को अप्रोच करना शुरू कर दिया है। पिंकविला की एक रिपोर्ट की मानें तो मेकर्स ने फिल्म में राजा दशरथ की तीसरी पत्नी कैकेयी के रोल के लिए एक्ट्रेस लारा दत्ता, हनुमान के रोल के लिए सनी देओल और कुंभकरण के रोल के लिए बॉबी देओल को अप्रोच किया है। लारा इन दिनों कॉमेडी फिल्म वेलकम टू द जंगल की शूटिंग में बिजी हैं।

**3पार्ट में बनने वाली रामायण फिल्म का हर पार्ट 3 घंटे का होगा। यह 500 करोड़ से भी ज्यादा बजट में बनेगी। इसे मधु मंटेना, अल्लू अरविंद और नमित मल्होत्रा मिलकर प्रोड्यूस करेंगे। फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु समेत कई भाषाओं में रिलीज होगी।**

### कैकेयी के रोल के लिए परफेक्ट है लारा

एक सूत्र ने बताया कि नितेश तिवारी इस फिल्म में ऐसे एक्टर्स को कास्ट करना चाहते हैं जो इंडियन हिस्ट्री की इस टाइमलेस स्टोरी से जुड़े किरदारों को निभाने की क्षमता रखते हों। उनका मानना है कि लारा दत्ता, राजा दशरथ की तीसरी पत्नी राजकुमारी कैकेयी की भूमिका निभाने के लिए परफेक्ट हैं। यह एक इम्पॉर्टेंट कैरेक्टर है जो रामायण की पूरी कहानी को एक अलग ही मोड़ देता है। लारा भी नितेश की इस फिल्म से जुड़ने के लिए एक्साइटेड हैं।'

### बॉबी को ऑफर हुआ कुंभकरण का रोल

मेकर्स ने रावण के छोटे भाई कुंभकरण के रोल के लिए बॉबी देओल को अप्रोच किया है। बॉबी को हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'एनिमल' में विलेन के रोल में खूब पसंद किया है। ऐसे में बॉबी के पास कई तरह के ऑफर्स की भरमार है।

### अयोध्या नगर क्षेत्र में हुआ हादसा, बाल-बाल बचा चालक

# पतंग के मांझे से बचने ब्रेक लगाया, बस ने कार में पीछे से मारी टक्कर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित दीपक कान्वेंट स्कूल के पास स्कूल बस ने कार को पीछे से टक्कर मार दी। कार में टक्कर लगने से कार सवार दंपती और उनका बेटा बाल बाल बच गए। हालांकि कार बुरी तरह से डैमेज हुई है। हादसे की वजह कटी पतंग का मांझा बताया जा रहा है। दरअसल, कार के सामने अचानक मांझा आ गया था और और कार ड्राइव कर रहे व्यक्ति ने ब्रेक लगा दिए। इस दौरान पीछे चल रही बस कार में जा घुसी। पुलिस ने बस चालक पर मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार डां. नीरज तिवारी पिता श्री वैद्य पंडित चन्द्रशेखर तिवारी (40) 378 एचआईजी एच-सेक्टर अयोध्या नगर में रहते हैं और डाबर कंपनी में नौकरी करते हैं। वे सोमवार सुबह करीब 10 बजे पत्नी और दोनों बच्चों को कार से लेकर मंदिर जा रहे थे। कार वे चला रहे थे और दीप कान्वेंट स्कूल के सामने पहुंचे थे, तभी रोड पर पतंग का मांझा सामने आ गया। उन्होंने कार के ब्रेक लगा दिए। इस दौरान पीछे से आ रही स्कूल बस के चालक सगीर खान ने तेजी व लापरवाही से बस चलाते हुए उनकी कार में पीछे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कार का पीछे का कांच टूट गया व पीछे डिग्गी में डैमेज हुई है। हादसे में डॉ. नीरज और उनकी पत्नी समेत बच्चों को चोट नहीं आई है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से पलटा आटो, चालक घायल, दो महीने बाद दर्ज कराई रिपोर्ट




खजूरी सड़क इलाके में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से आटो पलट गया, जिससे चालक को गंभीर चोट आई थी। ट्रैक्टर चालक ने घायल का इलाज कराने का अनुबंध किया था, इसलिए आटो चालक ने रिपोर्ट नहीं दर्ज कराई थी। ट्रैक्टर चालक ने जब इलाज कराने से इंकार कर दिया तो दो महीने बाद आटो चालक ने थाने जाकर उसके खिलाफ केस दर्ज करवा दिया। पुलिस के मुताबिक दीपक कुशवाहा (32) ग्राम मेंडोरी थाना रातीबड़ में रहता है और आटो चलाता है। बीती 12 नवंबर 2023 को अपने आटो से लेबर को छोड़ने के लिए मुंगालिया छाप खजूरी सड़क गया था। सुबह करीब साढ़े सात बजे सवारियों को उतारने के बाद दीपक जैसे ही अपने आटो में सवार हुआ, वैसे ही पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार बगैर नंबर के नए ट्रैक्टर चालक ने उसके आटो में टक्कर मार दी, जिससे आटो पलट गया और दीपक घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने ट्रैक्टर चालक को पकड़ लिया तो उसने दीपक का पूरा इलाज कराने का वायदा किया। इसको लेकर दोनों के बीच अनुबंध भी हुआ था, जिसके कारण दीपक ने रिपोर्ट नहीं दर्ज कराई थी। दो महीने बाद भी ट्रैक्टर चालक ने जब इलाज का खर्चा नहीं दिया तो दीपक ने थाने पहुंचकर उसके खिलाफ एक्सीडेंट की रिपोर्ट दर्ज करवा दी। पुलिस आरोपी ट्रैक्टर चालक की लक्ष्मण की तलाश कर रही है।

# 8 साल के मासूम को पालतू कुत्ते ने काटा, 20 दिन बाद केस दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



शाहपुर थाना क्षेत्र स्थित हेमू कॉलोनी में 8 साल के मासूम को पालतू कुत्ते ने काट लिया। घटना गत 26 दिसंबर की दोपहर की बताई जा रही है। घटना की शिकायत मासूम के पिता ने मंगलवार शाम शाहपुरा थाने पहुंचकर की थी। शाहपुर पुलिस ने दंपति और उनके रिश्तेदार पर मामला दर्ज कर लिया है।पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार सोनू अहिरवार पिता नंदू अहिरवार 30 वर्ष, हेमू कॉलोनी शाहपुरा में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनका बेटा 8 साल का राज अहिरवार है। गत 26 दिसंबर की दोपहर राज लक्ष्मी परिसर मंदिर के पास खेल रहा था, तभी श्वेता मिश्रा और अंकित मिश्रा के पालतू कुत्ते ने उसे काट लिया। सोनू अहिरवार में बेटे राज का इलाज जयप्रकाश अस्पताल में कराया। 31 दिसंबर को कॉलोनी वालों ने कुत्ता पकड़ने नगर निगम की टीम बुलाई। इस दौरान श्वेता और अंकित द्वारा राजकुमार से अभद्रता की गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ड्यूटी नहीं आने का कारण पूछा तो सफाईकर्मी ने दरोगा को पीट दिया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित सैर सपाटा के पास सुलभ कांप्लेक्स के सामने एक सफाईकर्मी ने दरोगा के साथ मारपीट कर दी। दरअसल, दरोगा का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने कर्मचारी से पूछ लिया कि इतने दिनों से तुम काम पर क्यों नहीं आ रहे हो। यह बात सुनते ही सफाईकर्मी भड़क गया और हाथ मुक्कों से मारपीट करते हुए पास ही पड़े डंडे से दरोगा पर हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार 57 साल के दुली चंद्र अठवाल, न्यू एमएलए कालोनी, बाणगंगा टीटी नगर में रहते हैं। वे नगर निगम में सफाई दारोगा हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि 15 जनवरी की सुबह करीब साढ़े 8 बजे वह ड्यूटी पर थे। सैर सपाटा के पास उन्हें सफाई कर्मचारी चंदन नजर आया। कुंदन कुछ दिन से ड्यूटी नहीं आ रहा था। दरोगा ने उससे पूछा कि तुम डयूटी पर क्यों नहीं आ रहे हो। यह सुनते ही चंदन भड़क गया और गालियां देने लगा। दरोगा ने गाली देने से मना किया तो चंदन ने उनके साथ लात-मुक्कों से मारपीट कर दी। इतना ही नहीं पास पड़ा डंडा उठाकर उन पर हमला कर दिया। आस पास के लोगों ने और उनके असिस्टेंट राजू खरे ने बीच बचाव किया तो आरोपी चंदन वहां से भाग निकला।

## चतुर्थ वर्ग कर्मचारी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित विवेकानंद नगर में आदिम जाति क्षेत्रीय विकास योजना के भृत्य के ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार प्रशांत रैकवार (कीर) पिता नारायण प्रसाद (38) विवेकानंद नगर, निशातपुरा में रहते थे और आदिम जाति क्षेत्रीय विकास योजना में भृत्य थे। उनके परिवार में पत्नी के अलावा तीन बच्चे हैं। परिजन ने बताया कि मंगलवार सुबह उन्होंने अपने कमरे में फांसी लगा ली। उन्हें फंदे से उतारकर हमीदिया अस्पताल ले जाया गया था, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। जांच में सामने आया कि वह शराब पीने के आदी थे। अभी शोकाकुल परिजन के बयान नहीं हो सके है। बयान होने के बाद आत्महत्या की वजह साफ हो सकेगी।

## भेलकर्मी के बेटे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित नर्मदा वैली खजूरी कला में भेलकर्मी के बेटे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह रात में खाना खाकर सोया था और सुबह बिस्तर पर बेसुध मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। पुलिस के अनुसार राकेश पिता श्रीपाल (48) नर्मदा वैली, खजूरी कला में रहते थे। वे प्राइवेट काम करते थे, जबकि उनके पिता भेल से रिटायर्ड है। राकेश की पत्नी पांच साल पूर्व उसे छोड़कर यूपी चली गई। राकेश अपने भाई और परिवार के साथ यहां रहता था। करीब डेढ़ महीने से उसकी तबीयत ठीक नहीं थी। परिजन उसका इलाज भी करा रहे थे। परिजन ने बताया कि सोमवार रात वह अपने कमरे में सोया था। सुबह उसकी नींद नहीं खुली तो उसे उठाने के लिए कमरे में पहुंचे थे। इस दौरान वह बेसुध मिला। उसे एम्स लेकर पहुंचे, वहां परीक्षण के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर चाकू से हमला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित काली बसती कब्रिस्तान के पास एक युवक पर बदमाश ने चाकू से हमला कर दिया। चाकू दाहिने हाथ, पीठ और दोनों पैर समेत कान के पास लगने से उसे गंभीर चोट आई है। पुलिस ने युवक की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हमले की वजह पुरानी रंजिश बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार आसिफ खान पिता शमीम खान (24) अमन कालोनी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी करोंद में रहता हैं और मजदूरी करता है। उसने पुलिस को बताया कि अपने दोस्त फरहान के साथ घर से घूमने निकला था। शाम करीब सवा छह बजे के आसपास काली बस्ती गेट के पास चाय पीकर दोनों कब्रिस्तान का मैदान काली बस्ती शाहजहांनाबाद पहुंचे। इसी बीच फरहान ने पुराने विवाद की बात निकाल ली। विवाद की बात को लेकर आसिफ और फरहान के बीच विवाद होने लगा। विवाद बढ़ने पर फरहान ने अपने पास रखा चाकू निकाल कर आसिफ पर हमला कर दिया। चाकू हाथ में, पीठ के बांई तरफ, दोनों पैरों में और कान में दांई तरह लगा है। आसिफ का अस्पताल में इलाज चल रहा है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी फरहान की तलाश शुरू कर दी है।

### मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की हुई समीक्षा बैठक

# ड्रॉप आउट की संख्या घटाकर बच्चों को स्कूल शिक्षा से पुनः जोड़े- स्कूल शिक्षा मंत्री

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की समीक्षा बैठक हुई। बैठक के दौरान स्कूल शिक्षा मंत्री ने विभिन्न केन्द्रों के संचालकों से वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से संवाद किया। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश में बच्चों और युवाओं में कौशल विकास करके ही रोजगार के अवसर बढ़ाये जा सकते है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में इस बिन्दु को लेकर विशेष प्रावधान रखे गए है। ग्रामीणों क्षेत्रों में उत्कृष्ठ कौशल केन्द्र बनाकर विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण देने की आवश्यकता है। उन्होंने ड्राप आउट की संख्या घटाकर बच्चों को स्कूल शिक्षा से पुनः जोड़ने की बात भी कहीं। स्कूल शिक्षा मंत्री ने राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की विभिन्न शाखाओं में पहुंचकर निरीक्षण किया और कार्य प्रणाली को भी समझा।

### मार्कशीट एवं प्रमाण-पत्र 42 देशों में मान्य हैं

बैठक में बताया कि बोर्ड सबके लिए शिक्षा के मिशन के साथ कार्य कर रहा है। भोपाल, आगर, शुजालपुर, छतरपुर, मुरैना, इंदौर, सीहोर, दतिया, दमोह, देवास और बालाघाट में एक ही परिसर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। सबसे लिये शिक्षा विद्यालय योजना में बच्चों को मार्कशीट एवं प्रमाण-पत्र संयुक्त राज्य अमेरिका की एजेंसी के संयुक्त ब्रांड से जारी किये जाने की व्यवस्था की गई है, जो दुनिया के 42 देशों में मान्य होगी। इससे बच्चों को विदेशों में रोजगार प्राप्त करने में सुविधा हो रही है।

# अभिनव कला परिषद का वार्षिक पुरस्कार समारोह 22 को

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अभिनव कला परिषद का वार्षिक पुरस्कार समारोह 22 जनवरी को मानस भवन शिमला इसमें होगा। इस अवसर पर अभिनव शब्द शिल्पी अलंकार से विभिन्न कलमकारों और कला धर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। परिषद अध्यक्ष सुरेश तातेड़ ने बताया कि गत 54 वर्ष से अभिनव कला परिषद देश के प्रमुख संगीतकारों, गायकों,शब्द शिल्पियों को सम्मानित करने का कार्य कर रही है। विभिन्न क्षेत्र में योगदान देने वाली विभूतियां परिषद द्वारा समारोह पूर्वक सम्मानित की जा चुकी हैं। परिषद द्वारा हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत, सुगम संगीत, लोक संगीत ,चित्रपट संगीत के उन्नयन, नव प्रवर्तन के साथ ही शिक्षा के प्रचार प्रसार के लिए कार्य करने वाले प्रमुख लोगों और प्रदेश और देश के श्रेष्ठ रचनाकारों को शब्द शिल्पी अलंकरण से विभूषित कर सम्मानित किया है। अभिनव कला परिषद ने भोपाल के शायर इकबाल मसूद, कवयित्री नीलेश रघुवंशी, सीमा हरी शर्मा,नाटककार योगेश त्रिपाठी और लघु कथा लेखक अशोक मनवाणी सहित रायबरेली के गीतकार विनय भदोरिया, पुणे की गजलकार आदर्शनी श्रीवास्तव, उज्जैन के साहित्यकार सुभाष जैन को सम्मानित करने का निर्णय लिया है।

### ट्रैफिक जागरूकता कार्यक्रम हुआ

**भोपाल।** पुलिस अधीक्षक देहात प्रमोद कुमार सिन्हा के निर्देश पर देहात पुलिस द्वारा कालेज के छात्र-छात्राओं के लिए ट्रैफिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को बैरसिया रोड लांबाखेड़ा स्थित जेएनसीटी कालेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यातायात शिक्षा सत्र में जेएनसीटी कालेज के लगभग 225 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।




**मेट्रो एंकर** — भाजपा विदेश विभाग की वर्चुअल मीट

# 35 देशों के प्रवासी भारतीयों से वीडी ने की बात, विस चुनाव में जीत का श्रेय दिया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



भाजपा विदेश विभाग द्वारा 'एमपी बियांड बाउंड्रीज' एनआरआई वर्चुअल मीट में प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मप्र विधानसभा चुनाव में पार्टी की प्रचंड जीत में प्रवासी भारतीयों का बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने वर्चुअल मीट में जुड़े प्रवासी भारतीयों ने इस वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव में भी पार्टी का साथ देने का आह्वान किया। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा होने जा रही है। यह भारत के साथ दुनिया के लिए बहुत शुभ और ऐतिहासित दिन है। इस दिन सभी प्रवासी भारतीय अपने-अपने घरों, निवास स्थान पर श्रीराम ज्योति जलाकर प्रभु श्रीराम का स्मरण करें। शर्मा ने वर्चुअल मीट में जुड़े सभी प्रवासी भारतीयों को अपनी लोकसभा सीट खजुराहो आने के लिए आमंत्रित भी किया है। इससे पहले पार्टी के विदेश विभाग के प्रदेश संयोजक रोहित गंगवाल ने चुनाव के दौरान किए कार्यों से सभी को अवगत कराया। विदेश विभाग राष्ट्रीय प्रभारी डॉ. विजय चौथाईवाले ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में सभी प्रवासी भारतीय भाजपा को प्रचंड विजय दिलाने के लिए कार्य करें।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022